अमृत विचार
www.amritvichar.com

**आज का मौसम**

धूप खिलेगी और आसमान साफ रहेगा

32.0° अधिकतम तापमान | 29.0° न्यूनतम तापमान

**शहर में आज**

- आनंद आश्रम मंदिर में 65 में वार्षिक महोत्सव एवं संत सम्मेलन सुबह 8 से 10 :30 और शाम 6 बजे से रात 8 :30 बजे तक।
- विकास भवन सभागार में किसान दिवस पर बैठक दोपहर 12 बजे।
- राजकीय इंटर कॉलेज में 68वीं प्रादेशीय विद्यालय वालीबॉल प्रतियोगिता सुबह 9 बजे।
- आईएमए हाल में विश्व एनेस्थीसिया दिवस पर बेसिक लाइफ सपोर्ट पर प्रशिक्षण सुबह 8 :30 बजे।
- महर्षि वाल्मीकि प्रकटोत्सव मेला समिति की ओर से वाल्मीकि सद्भावना मेला का उद्घाटन शाम 6 बजे।

# धार्मिक स्थलों पर पर्यटन विकास के लिए मिलेंगे एक-एक करोड़

## जिले के पांच विधानसभा क्षेत्रों में एक-एक धर्मस्थल का प्रस्ताव मंजूर

अनुपम सिंह, बरेली

- चार विधायकों और एक एमएलसी की ओर से भेजे गए थे प्रस्ताव
- एस्टीमेट बनाने की प्रक्रिया शुरू, महीने के अंत तक भेज दिया जाएगा शासन को

**अमृत विचार :** जिले के पांच विधानसभा क्षेत्रों में धर्मस्थलों पर पर्यटन सुविधाओं के विस्तार की प्रक्रिया शुरू हो गई है। शासन से विधानसभा क्षेत्रवार भेजे गए प्रस्तावों पर अनुमोदन मिल गया है। धर्मस्थलों पर एक-एक करोड़ की लागत से विकास कार्य कराए जाएंगे। इनका एस्टीमेट बनने शुरू हो गए हैं जिन्हें महीने के अंत तक शासन को भेज दिए जाने की संभावना जताई जा रही है।

पर्यटन सुविधाओं में विस्तार की योजना के तहत सभी विधायकों से अपने विधानसभा क्षेत्रों के बारे में प्रस्ताव मांगे गए थे। इसके बाद आंवला विधायक पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह ने गांव गुलड़िया उपराला स्थित प्राचीन गौरीशंकर मंदिर, नवाबगंज विधायक डॉ. एमपी आर्या ने ईंध जागीर के शिव मंदिर, बिथरी चैनपुर के विधायक डॉ. राघवेंद्र शर्मा ने रामगंगा घाट किनारे लेटे हनुमान मंदिर, मीरगंज विधायक डॉ. डीसी वर्मा ने गांव समस्तपुर स्थित मंदिर और एमएलसी कुंवर महाराज सिंह ने बहेड़ी स्थित बंसीमठ के पास रामलीला ग्राउंड को पर्यटन के लिहाज से विकसित करने के प्रस्ताव भेजे थे जिन्हें मंजूरी दे दी गई है।

सरकार ने सभी विधानसभा क्षेत्रों में एक-एक करोड़ से विकास कार्य कराने का अनुमोदन दिया है। शहर विधायक और वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार और कैंट विधायक संजीव अग्रवाल के क्षेत्र में जिन मंदिरों पर पर्यटन संबंधी कार्य कराए जाने थे, वे नाथ कॉरिडोर योजना में शामिल हो चुके हैं इसलिए अलग से प्रस्ताव नहीं भेजे गए हैं।

### एस्टीमेट में घट-बढ़ सकती है धनराशि

विधानसभा क्षेत्र वार भेजे गए प्रस्तावों पर एक-एक करोड़ की लागत से कार्य कराने का अनुमोदन मिल गया है, मगर बनाए जा रहे एस्टीमेट में धनराशि घट-बढ़ भी सकती है। ज्यादा उम्मीद कार्यों के हिसाब से धनराशि बढ़ने की है। प्रस्ताव में फिलहाल परियोजना (जहां काम होना है) उस स्थल का चयन किया गया है, मगर इन स्थलों पर पर्यटन से जुड़े कौन-कौन से विकास कार्य होने हैं, उसी हिसाब से एस्टीमेट तैयार किया जा रहा है।

> पांच विधानसभा क्षेत्र के धर्मस्थलों पर पर्यटन सुविधाओं में विस्तार के प्रस्तावों पर शासन से अनुमोदन मिल गया है। अब एस्टीमेट तैयार हो रहे हैं जिन्हें जल्द भेज दिया जाएगा। - **ब्रजपाल सिंह,** उप निदेशक पर्यटन

# लेंस न होने से जिला अस्पताल में छह महीने से ऑपरेशन बंद

अंकित चौहान, बरेली

- दवाओं की कमी से नेत्ररोग विभाग में मरीजों का सामान्य इलाज भी ठप
- सीएमओ के स्तर पर अटकी पड़ी है टेंडर प्रक्रिया, परेशान हो रहे हैं मरीज

**अमृत विचार :** लेंस और दवाओं की उपलब्धता शून्य हो जाने की वजह से जिला अस्पताल में अंधता निवारण कार्यक्रम ठप हो गया है। सीएमओ के स्तर पर टेंडर प्रक्रिया न होने की वजह से करीब छह महीने से यहां न मोतियाबिंद के मरीजों के ऑपरेशन हो पा रहे हैं, न ही नेत्ररोगियों का इलाज। जिले भर से आने वाले रोगियों को दो टूक जवाब देकर बैरंग लौटाया जा रहा है।

सर्दी शुरू होने के बाद जिला अस्पताल में मोतियाबिंद के ऑपरेशन कराने वालों की भीड़ बढ़ने लगी है लेकिन उन्हें यहां निजी अस्पतालों का पता बताकर लौटाया जा रहा है। टेंडर न हो पाने की वजह से करीब छह महीने से यहां लेंस उपलब्ध नहीं हैं। इसके साथ दवाओं की भी भारी कमी चल रही है। स्टाफ के मुताबिक नेत्ररोग विभाग में हर दिन मोतियाबिंद के कई मरीज पहुंचते हैं लेकिन उन्हें लेंस उपलब्ध न होने की बात कहकर लौटा दिया जाता है। दवाएं न होने की वजह से नेत्ररोगियों का सामान्य इलाज तक नहीं हो पा रहा है।

नेत्र रोग विभाग के सर्जन डॉ. डीएन सिंह ने बताया कि गर्मी के मौसम में मरीजों की संख्या सामान्य थी लेकिन चूंकि ज्यादातर लोग सर्दियों में मोतियाबिंद के ऑपरेशन कराना चाहते हैं, इसलिए अब मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। इनमें ज्यादातर लोग वृद्धावस्था के होते हैं। कुछ का मोतियाबिंद इतना बढ़ चुका होता है कि उन्हें तत्काल ऑपरेशन की जरूरत होती है लेकिन काफी समय से लेंस उपलब्ध न होने के कारण नेत्ररोग विभाग में सर्जरी नहीं हो पा रही है।

### कई पत्र लिखे, फिर भी टेंडर नहीं

अंधता निवारण कार्यक्रम के तहत जिला अस्पताल के नेत्र रोग विभाग को लेंस और दवाएं उपलब्ध कराए जाते हैं। इस कार्यक्रम के सर्वेसर्वा सीएमओ होते हैं लेकिन फिर भी हालत यह है कि छह महीने से लेंस और दवाओं की खरीद के लिए टेंडर नहीं हो पाए हैं। अस्पताल प्रशासन की ओर से मरीजों की परेशानी का हवाला देते हुए सीएमओ को कई बार पत्र लिखे जा चुके हैं लेकिन इसके बावजूद टेंडर प्रक्रिया जहां के तहां अटकी हुई है। इसका खामियाजा मरीजों को भुगतना पड़ रहा है।

> लेंस और दवाओं की खरीद के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। इस सप्ताह तक लेंस और दवाएं भेज दी जाएंगी। गंभीर मरीजों के निजी अस्पतालों में मुफ्त ऑपरेशन कराए जा रहे हैं। - डॉ. विश्राम सिंह, सीएमओ

## सरकारी भूमि पर कब्जे से सीवर लाइन हुई जाम

**बरेली, अमृत विचार:** साहू गोपीनाथ कन्या इंटर कालेज के पास मुर्गा सराय फाटक के अंदर सरकारी भूमि पर कब्जे की वजह से सीवर लाइन जाम हो गई है। इसकी वजह से लोगों को परेशानी हो रही है। वार्ड-64 के पार्षद जय प्रकाश ने नगर आयुक्त से शिकायत कर अतिक्रमण हटाने की मांग की।

पार्षद ने शिकायत की कि पिछले साल नगर निगम ने सीवर और पेयजल के लिए पाइप लाइन डलवाई लेकिन सरकारी भूमि पर कुछ लोग कब्जा कर कारोबार कर रहे हैं। कुछ लोगों ने दुकान का भी निर्माण करा लिया है। नालियों पर कब्जा होने के कारण साफ सफाई नहीं हो पा रही है। इस वजह से जलनिकासी की समस्या हो गई है। लोगों के घरों के पानी का बहाव ठीक से नहीं हो पा रहा है और जलभराव हो जा रहा है। एक बार नगर निगम के इंजीनियर अतिक्रमण हटाने के लिए पहुंचे थे लेकिन विरोध के कारण टीम अतिक्रमण नहीं हटा पाई। पार्षद ने मांग की सरकारी भूमि की मानचित्र के हिसाब से पैमाइश कराई जाए और कब्जा हटाया जाए।

# शहर में मेट्रो रहेगी लाइट मेट्रो से ज्यादा बेहतर

## राइट्स ने बीडीए को सौंपी सर्वे रिपोर्ट, अब कमिश्नर की अध्यक्षता में गठित कमेटी लेगी निर्णय

कार्यालय संवाददाता, बरेली



शहर में मेट्रो के लिए मिट्टी के परीक्षण के लिए हो रही है खोदाई।

**अमृत विचार:** शहर में सर्वे करने के बाद रेल इंडिया टेक्निकल एंड इकोनॉमिक सर्विस (राइट्स) ने बीडीए को सौंपी फिजिबिलिटी रिपोर्ट में लाइट मेट्रो के बजाय मेट्रो चलाने की सिफारिश की है। रिपोर्ट करीब 22 किमी के रूट के लिए वर्ष 2031 की जनसंख्या ध्यान में रखते हुए तैयार की गई है। बीडीए की ओर से यह रिपोर्ट शासन को भेजने के साथ कमिश्नर की अध्यक्षता में गठित कमेटी की बैठक में मंजूरी के लिए रखी जाएगी।

राइट्स की रिपोर्ट के अनुसार शहर में लाइट मेट्रो की जगह मेट्रो चलाना उपयुक्त होगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि अगर लाइट मेट्रो चलाई गई तो भविष्य में उसे अपग्रेड करना संभव नहीं होगा, लेकिन अगर कम कोचों वाली मेट्रो चलाई गई तो जरूरत के मुताबिक उसके कोचों की संख्या बढ़ाई जाने की संभावना कायम रहेगी। इसमें मरम्मत भी आसानी से हो सकती है जबकि लाइट मेट्रो विदेशी तकनीक पर आधारित है, इसलिए उसे चलाने में दिक्कतें पैदा हो सकती हैं।

राइट्स ने करीब एक महीने तक मेट्रो रेल परिचालन के लिए फिजिबिलिटी सर्वे रिपोर्ट तैयार की है। रिपोर्ट के मुताबिक शहर में तकनीकी, आर्थिक, परिवहन, सामाजिक और दूसरे पहलुओं पर जांच के साथ प्रस्तावित रूट पर मिट्टी का भी परीक्षण किया गया है। इसमें प्रमुख चौराहों पर स्टेशन बनाने का प्रस्ताव भी शामिल है। अब कमिश्नर की अध्यक्षता वाली कमेटी से मंजूरी मिलने के बाद नए सिरे से डीपीआर तैयार होगी।

**यार्ड के लिए जगह का चयन किया जाएगा:** शहर में मेट्रो के यार्ड के लिए जगह का चयन किया जाएगा। इसके अलावा स्टेशन, किस-किस रूट पर कहां से कहां तक मेट्रो का परिचालन होगा, इसके लिए राइट्स ने प्रमुख सड़कों की भौगोलिक स्थिति, परिवहन के साधन, सड़क की हालत, चौक-चौराहों पर वाहनों की संख्या, बाजार सहित कई बिंदुओं पर रिपोर्ट तैयार की है।

- कमेटी से मंजूरी मिलने के बाद नए सिरे से तैयार होगी डीपीआर



> राइट्स ने सर्वे रिपोर्ट सौंप दी है। दोनों कॉरिडोर के लिए मिट्टी परीक्षण का काम भी एक एजेंसी कर रही है। आने वाले समय में लोगों के आवागमन के लिए मेट्रो काफी सुविधाजनक साधन साबित होगा। इस रिपोर्ट को कमिश्नर की अध्यक्षता वाली कमेटी के समक्ष रखा जाएगा। - **मनिकंडन ए,** उपाध्यक्ष बीडीए



**मकान पर निर्माण, पुल पर सामान**

निर्माणाधीन मकान का लिंटर डालने के लिए बराबर में चौपुला पुल पर ही निर्माण सामग्री तैयार करनी शुरू कर दी गई। मंगलवार सुबह कई घंटे पुल पर कंक्रीट बनाई जाती रही, जिससे कई बार ट्रैफिक बाधित हुआ लेकिन कोई देखने नहीं आया कि जाम क्यों लग रहा है। ● अमृत विचार

## रात का तापमान गिरा, ठंड का एहसास

**बरेली, अमृत विचार:** जिले के तापमान में रोजाना मामूली बदलाव हो रहा है। मंगलवार को रात के तापमान में गिरावट की वजह से ठंड का अहसास हुआ। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में न्यूनतम तापमान 20 डिग्री से कम रहने का ही अनुमान जताया है। ऐसे में अब रात में हल्की ठंड लगेगी, हालांकि दिन में धूप खिलने से लोगों को राहत मिल रही है लेकिन धीरे-धीरे तापमान कम हो रहा है। मौसम विभाग की वेबसाइट के अनुसार मंगलवार को अधिकतम तापमान सामान्य से 0.8 डिग्री कम 31.8 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान सामान्य से 1.2 डिग्री कम 18.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने एक सप्ताह तक मौसम शुष्क और अधिकतम तापमान 32 और न्यूनतम 19 डिग्री के आसपास रिकॉर्ड होने का अनुमान जताया है।

## प्लास्टिक गिलास बनाने वाली फैक्ट्री पकड़ी, पांच लाख का जुर्माना लगाया

**बरेली, अमृत विचार:** नगर निगम की टीम ने मंगलवार को परसाखेड़ा औद्योगिक क्षेत्र में प्रतिबंधित प्लास्टिक गिलास बनाने वाले फैक्ट्री पर छापा मारकर दो टन प्लास्टिक गिलास जब्त किए। टीम ने फैक्ट्री मालिक पर पांच लाख रुपये जुर्माना लगाया है।



प्रतिबंधित प्लास्टिक के गिलास बन रहे थे फैक्ट्री में।

नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. भानु प्रकाश और पर्यावरण अभियंता राजीव कुमार राठी की अगुवाई में टीम ने शाम को परसाखेड़ा में फैक्ट्री में छापा मारा। फैक्ट्री के बाहर कांसेप्ट फर्नीचर का बोर्ड लगा था। टीम ने फैक्ट्री के अंदर देखा कि प्लास्टिक के गिलास बनाए जा रहे हैं। इस पर टीम ने दो टन गिलास को कब्जे में लेकर नगर निगम भिजवा दिया। फैक्ट्री मालिक वरुण अग्रवाल से पांच लाख रुपये जुर्माना वसूल करने का निर्देश दिए। टीम में नगर निगम के महेंद्र प्रताप सिंह, संजय कुमार, पूर्णिमा सक्सेना आदि मौजूद रहे।

## लालकुआं-बान्द्रा टर्मिनस एक्सप्रेस का संचालन 21 से

**बरेली, अमृत विचार:** रेलवे प्रशासन ने 22544/22543 लालकुआं-बान्द्रा टर्मिनस एक्सप्रेस के संचालन के नियमित संचालन का एलान कर दिया है। ट्रेन लालकुआं से 21 अक्टूबर से प्रत्येक सोमवार और बान्द्रा टर्मिनस से 22 अक्टूबर से प्रत्येक मंगलवार को चलेगी।

22544 लालकुआं-बान्द्रा टर्मिनस एक्सप्रेस लालकुआं से 07:45 बजे चलकर रुद्रपुर 8:30 बजे, रामपुर 9:22 बजे और मुरादाबाद 10:02 और बान्द्रा टर्मिनस 08.30 बजे पहुंचेगी। वापसी में 22543 बान्द्रा टर्मिनस-लालकुआं एक्सप्रेस बान्द्रा टर्मिनस से 11 बजे चलकर मुरादाबाद 11:11 बजे, रामपुर 11:45 बजे और लालकुआं 13:15 बजे पहुंचेगी।

# पहले फाल्ट फिर शटडाउन, किला में 12 घंटे से ज्यादा गुल रही बिजली

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- रात 1 बजे जल गया केबल बॉक्स, सुबह 11 बजे फाल्ट ठीक कर 12 बजे ले लिया शटडाउन
- सीबीगंज और सिविल लाइंस में भी फाल्ट और ट्रिपिंग ने लोगों को किया परेशान

**अमृत विचार:** किला उपकेंद्र पर 33 केवी लाइन का केबिल बॉक्स जल जाने के बाद 10 घंटे बिजली गुल रही। सुबह फाल्ट ठीक होने के कुछ ही देर बाद अनुरक्षण माह के तहत शटडाउन ले लिया गया। इस वजह से लोग दोपहर तक दिक्कतों से जूझते रहे। इसके साथ शहर के दूसरे इलाकों में भी लोकल फाल्ट और ट्रिपिंग की समस्या बनी रही।

परसाखेड़ा से किला उपकेंद्र पर आने वाली 33 केवी लाइन का केबिल बॉक्स सोमवार रात 1 बजे जल जाने से ब्रेकडाउन हो गया जिसके बाद सुबह 11 बजे तक कटघर, गुलाबनगर, खान मार्केट, हार्टमन, कुदेशिया फाटक समेत कई इलाकों में बिजली नहीं आई। फाल्ट ठीक हुआ तो किला उपकेंद्र के 33 केवी फीडर पर मरम्मत कार्य के लिए 4, 7 और 9 नंबर फीडर पर दोपहर 12 से 3 बजे तक शटडाउन ले लिया गया। लोहिया विहार उपकेंद्र पर सुबह 11 से शाम 5 बजे तक शटडाउन की वजह से सीबीगंज, लोहिया विहार, स्लीपर रोड, मेगा ड्रीम होम, कर्मचारी नगर और मिनी बाईपास समेत कई इलाकों में बिजली गुल रही।

### आज इन इलाकों में गुल रहेगी बिजली

अनुरक्षण माह के तहत 33 केवी लाइन सदर कैंट के गार्डिंग के काम कराने के लिए बुधवार को 12 से लेकर शाम 4 बजे तक शटडाउन रहेगा। इसके अलावा ओल्ड सिटी और सेटेलाइट फीडर पर बुधवार सुबह 11 से शाम 4 बजे तक सप्लाई बंद रहेगी। इससे बालजती स्कूल, नवादा शेखान, बशीरी मस्जिद, क्रेन वाली गली समेत कई मोहल्ले प्रभावित होंगे।

# बदायूं सिंचाई परियोजना किसान को जमीन का पैसा देने का आदेश

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बिना भुगतान शुरू कर दिया था निर्माण, हाईकोर्ट के आदेश पर जागा शासन
- स्वामित्व संबंधी दस्तावेज की जांच कराकर 19.37 लाख के भुगतान का आदेश

**अमृत विचार :** बदायूं सिंचाई परियोजना में भी एक किसान को उसकी जमीन का भुगतान किए बगैर निर्माण शुरू कर देने का मामला सामने आया है। इस मामले में दायर याचिका पर इलाहाबाद हाईकोर्ट ने किसान को 19.37 लाख का भुगतान करने का आदेश दिया है। इसके बाद सिंचाई विभाग के लखनऊ और बरेली के अफसरों को भूमि के अभिलेखों का दोबारा सत्यापन कर किसान को भुगतान करने के निर्देश जारी किया गया है।

संयुक्त सचिव सिद्धशरण पांडेय की ओर से प्रमुख अभियंता (सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के विभागाध्यक्ष) को जारी चिट्ठी में एक्सईएन बाढ़ खंड बरेली के अधीन बदायूं सिंचाई परियोजना के इस प्रकरण का हवाला दिया है। इसमें कहा गया है कि राजेंद्र सिंह व अन्य की रिट पर सुनवाई करते हुए उच्च न्यायालय की ओर से 16 जुलाई को सुनाए फैसले के बाद प्रमुख अभियंता के प्रस्ताव के अनुसार किसान को 19 लाख 37 हजार 592 रुपये की धनराशि का भुगतान किया जाना है। राज्यपाल ने भी इसकी वित्तीय स्वीकृति प्रदान कर दी है।

संयुक्त सचिव ने एक बार फिर भूमि के स्वामित्व संबंधी अभिलेखों की जांच करने के बाद ही असल भूस्वामी को भुगतान करने का निर्देश दिया है। यह भी कहा है कि किसी गलत व्यक्ति या एक ही भूस्वामी को उसी भूमि के लिए दोबारा भुगतान करने जैसी वित्तीय अनियमितता हुई तो सभी संबंधित अधिकारी, अभियंता, कर्मचारियों को व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी माना जाएगा। संयुक्त सचिव ने पत्र की प्रतिलिपि मुख्य अभियंता रुहेलखंड, मुख्य अभियंता पूर्वी गंगा, सिंचाई एवं जल संसाधन, अधीक्षण अभियंता और अधिशासी अभियंता बाढ़ खंड को भी भेजी है।

## नगर निगम के मूल्यांकन से नाखुश बरेली कॉलेज कराएगा दोबारा पैमाइश

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बरेली कॉलेज पर नगर निगम का 27 करोड़ 30 लाख रुपये हाउस टैक्स है बकाया

**अमृत विचार:** बरेली कॉलेज ने नगर निगम की ओर से किए गए हाउस टैक्स के मूल्यांकन पर नाखुशी जताते हुए दोबारा नपाई कराने का निर्णय लिया है।

नगर निगम का कॉलेज पर 27 करोड़ 30 लाख रुपये का हाउस टैक्स बकाया है, जिसे कॉलेज प्रशासन अनुचित मानता है। प्राचार्य प्रो. ओपी राय ने बताया कि पिछले मूल्यांकन में कई कमियां थीं, जिनके कारण टैक्स की राशि अधिक हो गई। उन्होंने नगर निगम से अपेक्षा की है कि वह कॉलेज की वास्तविक स्थिति को ध्यान में रखते हुए नए सिरे से मूल्यांकन करें। कॉलेज प्रशासन की ओर से अपने आर्किटेक्ट के जरिए दोबारा मूल्यांकन किया जाएगा ताकि उचित टैक्स का निर्धारण करने में मदद मिलेगी। कॉलेज ने इस मुद्दे को उच्च स्तर पर उठाने का भी फैसला किया है। प्राचार्य ने बताया कि इस बकाए टैक्स का प्रभाव शैक्षणिक गतिविधियों पर पड़ रहा है। नगर निगम की ओर से शर्त रखी गई है कि पहले दो करोड़ रुपये एडवांस जमा करें, उसके बाद ही सीज खाते खोले जाएंगे और बाकी शेष धनराशि को किश्तों के माध्यम से जमा किया जा सकता है।

## नक्शे बिना मार्केट निर्माण का आरोप

बरेली, अमृत विचारः बड़ा बाजार में बिना नक्शा पास कराए एक तीन मंजिला भवन में 30 दुकानों का निर्माण कराने की शिकायत महिला ने बीडीए अधिकारियों से की है। आरोप है कि दुकान के साथ ही गोदाम का निर्माण किया गया है।

साहूकारा निवासी शिल्पी गुप्ता ने बीडीए से शिकायत की कि बड़ा बाजार में दर्जी चौक के पास बिना नक्शा स्वीकृत कराए भवन का निर्माण कराया जा रहा है। आरोप है कि तीन मंजिला भवन का निर्माण 550 गज में किया जा रहा है और बेरोकटोक अब तक 28 से 30 दुकानें और गोदाम का निर्माण किया जा चुका है। निर्माण को रोककर कार्रवाई की जाए।

# अफसर तो सुनते नहीं, मेयर दफ्तर ही संभालता है फरियादियों को

## अफसरों के जनसुनवाई कार्यक्रम में महीने में आती हैं जितनी शिकायतें, मेयर के यहां उससे हर रोज दुगनी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** समस्याओं के मारे लोगों की फरियादें सुनने के लिए नगर निगम में शुरू किए गए जनसुनवाई कार्यक्रम में छाया रहने वाला सन्नाटा अब उसकी पहचान बन गया है। यहां आने वाले फरियादों की संख्या कम होते-होते अब रोजाना दो फरियादों से भी कम रह गई है। दूसरी ओर, मेयर के दरबार की रौनक फरियादियों से ही बढ़ रही है। जनसुनवाई विभाग में जितनी फरियादें महीने भर में नहीं आतीं, उससे दुगनी मेयर के दरबार में हर रोज पहुंच रही हैं।





यह फर्क दरअसल यही बता रहा है कि नगर निगम में कोई समस्या सिर्फ जनसुनवाई में शिकायत करके हल कराना मुमकिन नहीं है। जनसुनवाई हर मंगलवार को होती है। इस मंगलवार को भी कई विभागों के अफसर 10 से 12 बजे तक बैठकर फरियादियों का इंतजार करते रहे, लेकिन सन्नाटे ने दूर होने का नाम नहीं लिया। पता चला कि पूरे सितंबर में सिर्फ 30 और अक्टूबर में अब तक 15 फरियादें ही जनसुनवाई कार्यक्रम में पेश की गई हैं। अगस्त में भी यह संख्या थोड़ी ज्यादा 37 थी। जाहिर है कि फरियादियों का जनसुनवाई से भरोसा उठ चुका है।

जनसुनवाई शुरू करते वक्त दावा किया गया था कि सारे विभागों के अधिकारी सप्ताह में एक दिन साथ बैठकर समस्याएं सुनेंगे तो उनका त्वरित निदान हो पाएगा लेकिन फरियादियों की कम होती संख्या साफ बता रही है कि नगर निगम के और दावों की तरह यह दावा भी हवाई था। जनसुनवाई में आने के बजाय लोग अपनी समस्याएं लेकर सीधे मेयर और अधिकारियों के पास पहुंच रहे हैं। अपर आयुक्त एसके यादव ने इतना ही कहा कि जनसुनवाई में आने वाली समस्याओं के फौरन निराकरण के निर्देश दिए जाते है।

### मेयर के पास हर रोज आते हैं 50 से ज्यादा फरियादी

मेयर उमेश गौतम के कार्यालय में रखे फरियादी रजिस्टर के मुताबिक यहां हर रोज 50 से 60 लोग प्रार्थना पत्र देने पहुंचते हैं। इनमें उनके सिटी ऑफिस के भी आवेदन शामिल रहते हैं। इतना जरूर है कि कुछ लोग उन्हें दूसरे विभागों से संबंधित प्रार्थना पत्र भी देते हैं। मेयर के कार्यालय में अगस्त में करीब 17 सौ और सितंबर में 18 सौ लोगों ने प्रार्थना पत्र दिए हैं। साफ जाहिर है कि जनसुनवाई में जाने से ज्यादा लोगों ने मेयर को अपनी समस्याएं बताने में ज्यादा ठीक समझा है।



> जो भी फरियादी मेरे पास आते हैं, मेरा प्रयास रहता है कि उनके सामने ही संबंधित अधिकारी से उनकी समस्या का निदान करा दूं। हमने एक निजी कर्मचारी लगाया है जो फरियादी को फोन कर फीडबैक लेता है कि उसका काम हुआ या नहीं। इससे लोगों को उनका काम होने की उम्मीद बनी रहती है। - **उमेश गौतम,** मेयर

## एक नजर

### बुजुर्ग दुकानदार को दो महीने से चक्कर कटवा रहा है बिजली विभाग



खराब मीटर दिखाते अनिल।

**बरेली, अमृत विचार :** बिजली विभाग में रिश्वतखोरी के मामलों ने इस कदर जोड़ पकड़ा है कि लोगों के सामान्य काम भी आसानी से नहीं हो पा रहे हैं। अधिकारियों की लापरवाही से एक बुजुर्ग दुकानदार की दुकान पर दो महीने से बिजली गुल है। दुकानदार का कहना है कि तमाम चक्कर लगाने के बाद भी अधिकारी उसकी सुनने को तैयार नहीं हैं। मजबूरी में उसे शाम को जल्द ही दुकान बंद कर देनी पड़ती है। सिविल लाइंस में नॉवल्टी चौराहे के पास सुभाष मार्केट में किताबों की दुकान चलाने वाले अनिल कुमार का कहना है कि कनेक्शन पर लगे मीटर में कमी आ जाने के बाद उन्होंने अगस्त में कुतुबखाना उपकेंद्र पर लिखित शिकायत की, फिर कंपनी गार्डन स्थित मीटर सेक्शन में भी शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद भी उनकी दुकान पर फाल्ट ठीक करने कोई नहीं पहुंचा। अनिल ने बताया कि बिजली नहीं होने के कारण उन्हें दिन भर दुकान पर गर्मी में बैठना पड़ता है और फिर शाम को भी अंधेरा होने से पहले दुकान बंद करनी पड़ती है। एसडीओ कुतुबखाना संजीव गुप्ता ने कहा कि अगर मीटर में बिजली नहीं आ रही है तो उपकेंद्र पर शिकायत करनी चाहिए। शिकायत के बाद भी समाधान नहीं हुआ है तो जेई से बात कर ले।

# प्रशासनिक फेरबदल में कई अधिकारियों की घटी-बढ़ी 'हैसियत'

## पहली बार एडीएम फाइनेंस के बजाय एडीएम प्रशासन संभालेंगे हैसियत प्रमाण पत्र जारी करने की जिम्मेदारी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- डीएम ने तीनों एडीएम, सिटी मजिस्ट्रेट और एसीएम के कार्य विभाजन में किया बदलाव
- धान खरीद की जिम्मेदारी पहले एडीएम ई संभालते थे, अब एडीएम सिटी संभालेंगे

**अमृत विचारः** जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट के बाबुओं के बाद वरिष्ठ प्रशासनिक अफसरों की जिम्मेदारियों में बड़ा बदलाव किया है। इसके तहत पहली बार एडीएम ई हैसियत प्रमाणपत्र जारी करने की जिम्मेदारी संभालने जा रहे हैं जो अब तक एडीएम फाइनेंस के पास रहती थी। नजूल भूमि और धान खरीद की जिम्मेदारी एडीएम ई से हटाकर एडीएम सिटी को दी गई है।

जिलाधिकारी रविंद्र कुमार जिले में कार्यभार संभालने के बाद प्रशासनिक स्तर पर पहला कार्यविभाजन 15 अक्टूबर 2023 को किया था, अब साल भर का कार्यकाल पूरा करते ही तीनों एडीएम, सिटी मजिस्ट्रेट और दोनों एसीएम की जिम्मेदारियां फिर बदल दी हैं। इस बार कार्य विभाजन के बाद एडीएम ई दिनेश की जिम्मेदारियां सबसे ज्यादा बढ़ाई गई हैं, जबकि एडीएम फाइनेंस संतोष बहादुर सिंह का भार कम कर दिया गया है।

एडीएम प्रशासन दिनेश को कुल मिलाकर 31 कार्यों का प्रभारी अधिकारी बनाया गया है जिनमें जनप्रतिनिधि से पत्राचार, अपर सर्वे आयुक्त वक्फ, चरित्र प्रमाणपत्र, जन्म मृत्यु प्रमाणपत्र, पट्टा आवंटन, कब्जे के साथ जिला भूलेख अधिकारी और निवेशकों को भूमि आवंटन जैसे काम शामिल हैं। एडीएम फाइनेंस संतोष बहादुर सिंह को कोई नई जिम्मेदारी नहीं दी गई है। वह 23 कार्यों के प्रभारी अधिकारी हैं। उप जिला निर्वाचन अधिकारी (सामान्य निर्वाचन) की जिम्मेदारी भी उन पर पूर्ववत रखी गई है। एडीएम सिटी सौरभ दुबे प्रभारी अधिकारी नजूल, प्रभारी अधिकारी मंडी, पेट्रोलियम विस्फोटक अधिनियम के सभी कार्यों के साथ जिला गेहूं/धान और दूसरे अनाज खरीद अधिकारी समेत 26 जिम्मेदारियां संभालेंगे।

सिटी मजिस्ट्रेट के पास कैंट थाना और महिला थाना क्षेत्र की जिम्मेदारी बढ़ी है। इसके साथ नवोदय विद्यालय, मेडिकल कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज जैसे शिक्षण संस्थानों, जिला यातायात परामर्श समिति, गन्ना एवं चीनी विकास के प्रभारी अधिकारी समेत वह 27 कार्यों की जिम्मेदारी संभालेंगे।

एडीएम न्यायिक विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी के अतिरिक्त कार्य देखेंगे। स्मार्ट फोन और टेबलेट वितरण भी कराएंगे। एसीएम फर्स्ट बारादरी, इज्जतनगर के साथ जीआरपी से संबंधित कानून व्यवस्था देखेंगे। एसीएम द्वितीय थाना किला, सुभाषनगर और सीबीगंज क्षेत्र की कानून व्यवस्था देखेंगे।

### कलेक्ट्रेट के कई बाबुओं की जिम्मेदारी बढ़ी

एडीएम ई के पेशकार संजीव कश्यप को हैसियत प्रमाणपत्र सहायक की जिम्मेदारी भी मिल गई है। इसके साथ यावेंद्र सिंह पेट्रोलियम सहायक का पटल भी देखेंगे। कुछ दिन पहले यह जिम्मेदारी तहसील सदर से कलेक्ट्रेट पहुंचे नरेंद्र कोली को मिली थी लेकिन उनसे हटाकर अब यावेंद्र को सौंपी गई है। सीलिंग का काम देख रहे गौरव की जिम्मेदारी बढ़ा दी है। उन्हें अर्बन, ग्रामीण सीलिंग के साथ शत्रु संपत्ति और नजूल सहायक का काम भी सौंपा गया है।

## ओटीपी पूछकर खाते से 13 हजार उड़ाए

**नवाबगंज , अमृत विचार :** जालसाज ने खुद को बैंककर्मी बताकर एक व्यक्ति से ओटीपी पूछा और उसके खाते से 13 हजार रुपये उड़ा दिए। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से की है।

गांव रिछौला किफायतुल्ला निवासी वशीर अहमद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि सोमवार को उनके फोन पर एक कॉल आई। कॉल करने वाले ने खुद को बैंक कर्मी बताया और उससे ओटीपी नंबर पूछा। इस पर उन्होंने उसे ओटीपी नंबर बता दिया। मोबाइल पर खाते से 13 हजार रुपये निकलने का मेसेज आया तो उन्हें ठगी के बारे में पता चला।

# डीजे लेकर आईं 75 अंजुमन बाहर, सिर्फ पांच के साथ निकला जुलूस

## तमाम हिदायतों के बाद भी डीजे से पीछा न छुड़ाने वाले अंजुमनों को दरगाह आला हजरत का बड़ा सबक, पहली बार बेहद सादगी से निकला जुलूस-ए-गौसिया

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचारः** दरगाह आला हजरत की ओर से लगातार मनाही के बाद भी डीजे की मुरीद अंजुमनों को मंगलवार को बड़ा सबक मिला। पुराना शहर से निकलने वाले जुलूस-ए-गौसिया में डीजे के साथ शामिल होने के लिए तैयारी कर रही अंजुमनों को रोक दिया गया। जो अंजुमन डीजे लेकर पहुंचीं, उन्हें भी लौटा दिया गया। इस वजह से पहली बार जुलूस सिर्फ पांच अंजुमनों के साथ निकला, जबकि 80 अंजुमनों को इसमें शामिल होना था।

दरगाह की ओर से काफी समय से मजहबी जुलूसों में डीजे लेकर शामिल होने को गैर इस्लामी बताया जा रहा है। अक्सर डीजे की ही वजह से माहौल खराब होता है, इसका हवाला देकर भी जुलूसों में डीजे लाने पर कई बार पाबंदी का एलान किया जा चुका है। इस बार भी जुलूस-ए-गौसिया में शामिल होने वाली 80 अंजुमनों को बैठक में बुलाकर पहले ही हिदायत दे दी गई थी कि इस साल जुलूस हर हाल में बिना डीजे के निकलेगा। जुलूस में गैर शरई कामों की इजाजत नहीं दी जाएगी।

दोपहर 2 बजे जुलूस के तय समय पर सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन मियां और जुलूस के आयोजक अंजुमन गौस ओ रजा (टीटीएस) हाजी शारिक नूरी सैलानी रजा चौक पर पहुंच गए। एक घंटे इंतजार करने के बाद पता लगा कि इस बार भी मनाही के बावजूद ज्यादातर अंजुमन डीजे साथ लेकर जुलूस में शामिल होने आ रही हैं। इसके बाद सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन मियां ने एलान किया कि जो पांच अंजुमन बिना डीजे के आई हैं, सिर्फ उन्हीं के साथ जुलूस निकाला जाएगा। उसके बाद जो पांच अंजुमन बगैर डीजे लिए जुलूस में शामिल होने पहुंचीं थीं, सज्जादानशीन उन्हीं के साथ पैदल चल पड़े।

कई अंजुमन डीजे लेकर पहुंच चुकी थीं, उन्हें भी जुलूस में शामिल होने की मनाही कर वहीं छोड़ दिया गया। दरगाह आला हजरत के मीडिया प्रभारी नासिर कुरैशी ने बताया कि जुलूस शुरू होने के बाद तमाम अंजुमन डीजे के साथ पहुंचीं लेकिन उन सभी को जुलूस में शामिल नहीं होने दिया गया और वापस लौटा दिया गया। उनसे कहा गया कि अगले अगले साल वे लोग बिना डीजे के आएंगे तभी जुलूस में उनका स्वागत किया जाएगा। अगले साल भी जुलूस-ए-मोहम्मदी और जुलूस-ए-गौसिया में पूरी सख्ती के साथ यही नियम लागू रहेगा।

### जमात ने सज्जादानशीन की पहल को बताया शानदार

जमात रजा ए मुस्तफा के पूर्व मीडिया प्रभारी समरान खान ने बताया कि दरगाह आला हजरत के सज्जादानशीन अहसान मियां की पहल का असर जुलूस-ए-गौसिया में देखने को मिला। जुलूस समय से शुरू और समाप्त हुआ। जो अंजुमन डीजे लेकर आई थीं उनको भी लौटा दिया गया, इसकी जितनी तारीफ की जाए कम है। ईद मिलादुन्नबी के जुलूस में भी ऐसे ही पहल होना चाहिए।



डीजे वाली अंजुमनों को बाहर का रास्ता दिखाए जाने के बाद बच्चों को मिला सामने आने का मौका। ● अमृत विचार

### सज्जादानशीन की सख्ती से कई दिन की तैयारियों पर फिरा पानी

जुलूस-ए-गौसिया में शामिल होने वाली हर अंजुमन में डेढ़ सौ से दो सौ लोग तक शामिल होते हैं। इस तरह 80 अंजुमनों के जुलूस में शामिल होने से 12 से 15 हजार लोगों तक की भीड़ इकट्ठी हो जाती है। इस बार 75 अंजुमनों को जुलूस में शामिल होने से रोक देने से जुलूस में सात-आठ सौ लोग ही शामिल हो पाए। इसके बाद जुलूस पहली बार बेहद सादगी से बगैर शोरशराबे के साथ निकला। जुलूस में सबसे आगे एक अंजुमन में रंग-बिरंगी पोशाकों में सजे बच्चे थे। जिन अंजुमन को डीजे की वजह से जुलूस में शामिल नहीं होने दिया गया, उन्होंने भी कई दिन तैयारी की थी। पिछले सालों में मुद्दा उठ चुका है कि डीजे लाने के पीछे तमाम अंजुमनों में चंदा इकट्ठा करने का भी खेल है। जुलूस से पहले ही लाखों का चंदा इकट्ठा कर लिया जाता है।

# हैं थाना प्रभारी, पर शायद खुद को राजा समझते हैं

विधि संवाददाता, बरेली

- जिरह के लिए विवेचक को रोकने पर कोर्ट ने दी अवमानना की कार्रवाई की चेतावनी

**अमृत विचारः** हत्या के मामले में विवेचक को जिरह के लिए हाजिर होने से रोकने पर कोर्ट ने थानाध्यक्ष सिरौली प्रयागराज सिंह को अवमानना की कार्रवाई की चेतावनी देते हुए दो दिन में स्पष्टीकरण तलब किया है। इसके साथ विवेचक राजेश कुमार और गवाह हेड मोहर्रिर जगवीर सिंह के खिलाफ गैरजमानती वारंट भी जारी किया है। कोर्ट ने अपने आदेश में यह टिप्पणी भी की कि थाना प्रभारी राजा की तरह व्यवहार कर रहे हैं।

थाना फतेहगंज पश्चिमी में इस साल दर्ज हुए हत्या के एक केस में विवेचक राजेश कुमार से कोर्ट में जिरह होनी है लेकिन वह हाजिर नहीं हो रहे हैं। पैरोकार ने बताया कि विवेचक अब थाना सिरौली की चौकी बड़ा गांव के प्रभारी हैं। कोर्ट को बताया गया कि इस मामले में गवाही न देने के लिए थानाध्यक्ष सिरौली प्रयागराज सिंह ने आदेश दिया है।

कोर्ट ने इस पर नाराजगी जताते हुए कहा कि थानाध्यक्ष सिरौली राजा की तरह व्यवहार कर रहें है कि वह जब चाहेंगे, तब गवाह को कोर्ट भेजेंगे और जब चाहेंगे नहीं भेजेंगे। प्रथमदृष्टया लगता है कि हत्या जैसे गंभीर मामले में अभियुक्त महेन्द्र और सत्यपाल से थानाध्यक्ष मिल गए हैं और अनावश्यक देरी कर उन्हें लाभ पहुंचाना चाहते हैं। जबकि इस कोर्ट की मंशा सेशन प्रकरणों को गुण दोष के आधार पर जल्द निस्तारित करने की रही है, ताकि जनता को बिना देरी न्याय मिल सके। सुनवाई की 22 अक्टूबर की तिथि नियत कर एसएसपी को थानाध्यक्ष सिरौली के विरुद्ध जांच कर विभागीय कार्यवाही के लिए निर्देशित किया है।

## पूर्व विधायक मास्टर छोटेलाल गंगवार धोखाधड़ी के मामले में बरी

**विधि संवाददाता, बरेली :** 24 साल पहले धोखाधड़ी, आपराधिक विश्वासघात के आरोप में दर्ज मुकदमे में पूर्व विधायक मास्टर छोटेलाल को अदालत ने दोषमुक्त कर दिया। रामपुर मिलक निवासी राम बहादुर ने थाना नवाबगंज में आटा चक्की, डीजल इंजन खरीदने में धोखाधड़ी करने के मामले में अदालत में रिपोर्ट दर्ज कराने को अर्जी दी थी जिसमें फर्म गंगवार इंटरप्राइजेज के मास्टर छोटेलाल और वीरेंद्र कुमार शर्मा को प्रतिवादी बनाया था। कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज हुआ था। दो दशक से अधिक समय चले इस मुकदमे में नौ विवेचकों की ओर से की गई विवेचना में अभियुक्त की वल्दियत का अंकन नहीं किया गया और पता गलत अंकित करते हुए आरोप पत्र कोर्ट में दाखिल किया गया था। इस पर विशेष न्यायाधीश एम पी/एमएलए न्यायालय शांभवी ने संज्ञान लिया। अभियोजन पक्ष आरोपित अपराध को साबित करने में असफल रहा। मास्टर छोटेलाल गंगवार केडीईएम इंटर कॉलेज में वर्ष 1974 से 2009 तक अध्यापक रहे। मास्टर छोटेलाल के ओर से पैरवी अरविंद गंगवार एडवोकेट ने की।

# वारदात पर वारदात, महिलाओं का चैन से जीना मुश्किल

## फर्जी दरोगा ने नौकरी का झांसा देकर युवती को डेढ़ महीने तक बंधक रखा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- 85 हजार के जेवर छीने एटीएम लेकर बैंक में जमा रकम भी निकाल ली
- हत्या की कोशिश का भी आरोप थाना सुभाषनगर में दर्ज कराई एफआईआर

**अमृत विचारः** फर्जी दरोगा ने युवती को नौकरी दिलाने का झांसा देकर डेढ़ महीने तक किराए के अपार्टमेंट में बंधक रखा और जेवर, एटीएम कार्ड छीन लिया। दो दिन पहले गला दबाकर हत्या की कोशिश की। जैसे-तैसे भागकर घर पहुंची युवती ने थाना सुभाषनगर में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

सुभाषनगर निवासी युवती के मुताबिक एमए बीएड करने के बाद वह नौकरी की तलाश कर रही थी। करगैना में 28 अगस्त को दरोगा की वर्दी में मिले युवक ने अपना नाम शेखर शर्मा उर्फ गोलू बताते हुए झांसा दिया कि उसकी अधिकारियों से जान पहचान है, वह उसकी नौकरी लगवा देगा। उसकी बातों में आकर वह उसके साथ पराग डेयरी के सामने ड्रिमून होम्स अपार्टमेंट में चली गई जहां चौथी मंजिल पर सी-414 फ्लैट में ले जाकर उसने उसे बंधक बना लिया।

शेखर ने उसके पहने हुए सोने और चांदी के जेवर छीन लिए, जिनकी कीमत करीब 85 हजार रुपये थी। उसका एटीएम कार्ड भी ले लिया और मारपीट कर उसका पिन नंबर पता कर लिया। हाल ही में उसकी दुपट्टे से गला दबाकर हत्या की कोशिश की, वह बेहोश हो गई तो उसे मृत समझकर छोड़कर भाग गया। होश में आने पर वह 13 अक्टूबर को अपने घर लौटी। उसने अपनी मां को पूरा वाकया बताया जिसके बाद वह रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए थाना सुभाषनगर पहुंची।

युवती ने पुलिस को बताया कि आरोपी शेखर शर्मा बदायूं के कुंवरगांव का रहने वाला है। वह पुलिस की वर्दी पहनकर लोगों से ठगी करता है। अक्सर राह चलते लोगों से रौब दिखाकर रुपये ऐंठ लेता है। कई व्यापारियों से भी उसने ठगी की है। खनन करने वालों को भी गिरफ्तार कराने की धमकी देकर पैसे वसूल लेता था।

### 20 सितंबर को मां ने दर्ज कराई थी गुमशुदगी

युवती के मुताबिक उसके गायब होने पर मां ने थाना सुभाषनगर में सूचना दी लेकिन पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज करने के बजाय तलाशने के लिए कहा। काफी तलाशने के बाद मां एक बार फिर थाने गईं तो पुलिस ने 20 सितंबर को गुमशुदगी दर्ज की।

### छेड़छाड़ के विरोध पर युवती के पिता को दी धमकी

**बरेली, अमृत विचार :** बिथरी चैनपुर क्षेत्र में एक युवती का रास्ता रोककर छेड़छाड़ की गई। पिता ने विरोध किया तो जान से मारने की धमकी दी गई। युवती के पिता ने उनकी बेटी उनके मेडिकल स्टोर पर जाती है तो गांव का तहरीर खां रास्ता रोककर छेड़छाड़ करता है। कई बार तहरीर को समझाने का प्रयास किया, लेकिन वह नहीं माना। उन्होंने उसके परिजनों से शिकायत की। इस पर उसने 12 अक्टूबर को मेडिकल स्टोर पर जाते समय उनका रास्ता रोक लिया और धमकी दी कि दोबारा कहीं शिकायत की तो वह उन्हें और उनकी बेटी को जान से मार देगा।

### राह चलते बीए की छात्रा को युवक ने मारा थप्पड़

**मीरगंज, अमृत विचार :** कस्बे के एक डिग्री कॉलेज में बीए की छात्रा को सोमवार सुबह एक युवक ने सरेआम थप्पड़ मार दिया। छात्रा ने पुलिस को तहरीर दी है कि 11:45 बजे क्लास खत्म होने के बाद वह फीस जमा करने निकली थी, रास्ते में एक युवक ने उसे थप्पड़ जड़ दिया और गाली गलौज की। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। छात्रा ने पिता के साथ थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई।

### रंजिश में पत्नी और पति पर किया जानलेवा हमला

**बरेली, अमृत विचार :** बारादरी के हजियापुर निवासी उजमा ने दो नामजद समेत कुछ लोगों पर धारदार हथियार से हमला करके घायल करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। उजमा ने बताया कि रविवार शाम को उसके ऊपर रंजिशन हजियापुर निवासी अलकैफ, डॉ. ताहिर और ताहिर के भतीजों और कुछ अज्ञात लोगों ने धारदार हथियार से हमला कर दिया। बचाने आए उनके पति समीर पर भी हथियार से हमला किया। मोहल्ले वालों ने किसी तरह उसे व उसके पति को बचाया।

## युवती को ले गया दूसरे समुदाय का युवक

### गांव में भारी तनाव, परिजनों ने जताया धर्मपरिवर्तन कराने का अंदेशा

संवाददाता, बिथरी चैनपुर

- आरोपी और परिवार के लोगों पर रिपोर्ट, गांव में पुलिस तैनात

**अमृत विचार :** थाना बिथरी चैनपुर क्षेत्र में एक युवती को उसके गांव का ही दूसरे समुदाय का युवक लेकर फरार हो गया। परिजनों ने लव जिहाद का आरोप लगाते हुए युवती का जबरन धर्म परिवर्तन कराने का अंदेशा जताया है। गांव में तनाव पूर्ण स्थिति की वजह से पुलिस बल तैनात किया गया है। युवती के पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी और उसके परिजनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

एक गांव निवासी व्यक्ति ने बताया कि उसकी 18 वर्षीय बेटी सोमवार सुबह 11 बजे घर से बाहर किसी काम से गई थी लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटी तो उन्होंने थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई। आरोप है कि मंगलवार को उन्हें किसी तरह जानकारी हुई कि उनकी बेटी को आशिक अंसारी अपने साथ बहला फुसलाकर भगा ले गया है। आरोप है बेटी को भगाने में उसके परिजनों और उसके जान पहचान के लोगों ने उसका सहयोग किया है। उन्हें बेटी के जबरन धर्मांतरण होने का शक है। उन्होंने बताया कि बेटी अपने साथ सोने और चांदी के कुछ जेवरात समेत 10 हजार रुपये की नकदी लेकर भी गयी है।

भाजपा नेताओं ने थाने पहुंचकर कार्रवाई की मांग की

भाजपा नेता और कई ग्राम प्रधान भी थाने पहुंचे और आरोपी पर कार्रवाई कर युवती को सकुशल बरामद करने की मांग की। थाना प्रभारी के आश्वासन पर सभी वापस लौटे। दो समुदायों का मामला होने की वजह से गांव में तनाव जैसे हालात हैं। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद ही वहां पर पुलिस फोर्स तैनात कर दी गई है।

> मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है और आरोपी के परिजनों से पूछताछ की जा रही है। गिरफ्तारी के लिए दो टीमें गठित कर दी गयी हैं। तनाव जैसी कोई स्थिति नहीं है। ऐहतियातन फोर्स तैनात की गई है।
>
> **- नितिन कुमार,** सीओ हाईवे

## जौहरपुर में मजार की चारदीवारी बनाने का विरोध

**बरेली,अमृत विचार :** सीबीगंज के गांव जौहरपुर में मजार की चारदीवारी का निर्माण लोगों के विरोध के बाद पुलिस ने रुकवा दिया। अब लेखपाल से खेत के रकबा की जांच कराई जा रही है।

सनइया रानी निवासी आजाद शाह की कुछ जमीन जौहरपुर गांव के पास है। मंगलवार को वह अपने बाबा साहिब अली की मजार की चारदीवारी का निर्माण करा रहे थे। कुछ लोगों ने अवैध निर्माण बताते हुए थाना सीबीगंज पुलिस से शिकायत की। मौके पर इंस्पेक्टर सीबीगंज सुरेश चंद्र गौतम पहुंचे और आजाद शाह से अनुमति पत्र मांगा लेकिन वह दिखा नहीं सके तो पुलिस ने निर्माण कार्य रुकवा दिया।

आजाद शाह ने जमीन को अपना बताया। इस पर लोगों ने विरोध किया तो पुलिस ने हलका लेखपाल को बुलाया लेकिन देर शाम तक लेखपाल भी किसी नतीजे पर नहीं पहुंच सके। पुलिस ने कहा कि जब तक जमीन से संबंधित दस्तावेज नहीं मिल जाते, तब तक निर्माण कार्य न कराएं। इस पर आजाद शाह सहमत हो गए। गांव में शांति व्यवस्था कायम है।

# रिश्वतखोरी : मध्यांचल मुख्यालय ने अफसरों से तलब की रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बिजली चोरी के फर्जी मामले में फंसाकर पान के खोखे वाले से लिए थे 80 हजार
- मीरगंज के एसडीओ और जेई समेत पूरी टीम के दर्ज किए जाएंगे बयान

**अमृत विचार :** पान का खोखा चलाने वाले शख्स को बिजली चोरी के फर्जी मामले में फंसाकर 80 हजार रुपये की वसूली के मामले में मीरगंज के एसडीओ और जेई फंस गए हैं। मध्यांचल मुख्यालय ने इस बारे में अधिकारियों से रिपोर्ट मांगी है। जल्द ही पीड़ित व्यक्ति के घर छापा मारने वाली पूरी टीम के बयान दर्ज किए जाएंगे।

मीरगंज के राजेंद्रनगर मोहल्ले में रहने वाले हेमराज के घर पर लगा बिजली का मीटर खराब हो गया था। इस बारे में लिखित शिकायत के बाद भी विभाग ने मीटर नहीं बदला। इसके बजाय 10 अक्टूबर को एसडीओ मीरगंज निखिल जायसवाल, जेई करुणेश मिश्रा, टीजी टू प्रशांत और लाइनमैन रियाज समेत कई लोग उनके घर चेकिंग करने पहुंच गए। मीटर बंद देखकर टीम ने बिजली चोरी की बात कहते हुए उनकी लाइन काट दी। इसके बाद एफआईआर और चार लाख रुपये जुर्माने का डर दिखाकर उनसे एक लाख रुपये की मांग की गई।

हेमराज ने ने मुख्य अभियंता से की शिकायत में बताया था कि उन्होंने जेई को एक बार 50 हजार और दूसरी बार में 30 हजार रुपये दिए। लेनदेन की बातचीत भी फोन में रिकॉर्ड कर ली।

यह ऑडियो अब मध्यांचल मुख्यालय पहुंचने के बाद पूरे मामले की रिपोर्ट तलब की गई है। अधीक्षण अभियंता ज्ञानेन्द्र सिंह ने बताया कि जांच कराई जा रही है। एसडीओ और जेई के साथ अन्य कर्मचारियों के बयान दर्ज किए जाएंगे। जांच पूरी होने के बाद मुख्यालय को रिपोर्ट भेजी जाएगी।

# लोन लेने की शौकीन मैडम के खिलाफ जांच शुरू

## एमबी इंटर कॉलेज की शिक्षिका ने दो पैन कार्ड पर मंजूर कराए दो करोड़ के 28 लोन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- धोखाधड़ी के आरोप लगने के बाद विभाग ने शुरू कराई जांच
- एक पैन कार्ड पर 24, दूसरे पर चार लोन, कई लौटा भी दिए

**अमृत विचार :** एमबी इंटर कॉलेज की एक शिक्षिका पर दो अलग-अलग पैन कार्ड लगाकर कई बैंकों से दो करोड़ की रकम के 28 लोन मंजूर कराने का आरोप लगा है। जिलाधिकारी और जिला विद्यालय निरीक्षक से शिकायत के बाद मामले की जांच कराई जा रही है। बताया जा रहा है कि अब तक की जांच के दौरान शिक्षिका पर कई आरोपों की पुष्टि हुई है। हफ्ते भर में जांच रिपोर्ट अधिकारियों को सौंपे जाने की बात कही जा रही है।

शिक्षिका के खिलाफ करीब दो महीने पहले शिकायत कर धोखाधड़ी के आरोप लगाए गए थे जिस पर इनायतपुर राजकीय हाईस्कूल की प्रधानाचार्य कुसुमलता को जांच सौंपी गई थी। अब तक की जांच में पता चला है कि शिक्षिका ने यूपी के साथ गदरपुर (उत्तराखंड) की बैंकों से भी लोन लिया है। बताया जा रहा है कि अधिकृत पैन कार्ड से उसने अलग-अलग धनराशि के 24 लोन लिए हैं। इनमें से 17 लोन का पैसा सिर्फ तीन साल में अदा कर दिया गया। ये लोन होम लोन, पर्सनल लोन और कार लोन श्रेणी के थे। दूसरे पैन कार्ड पर शिक्षिका ने एक क्रेडिट कार्ड लेने के अलावा तीन पर्सनल लोन मंजूर कराए जो पांच लाख से 33 लाख की धनराशि के हैं। इनमें से भी एक लोन की अदायगी कर दी गई है।

जिला विद्यालय निरीक्षक को शिकायतकर्ता की ओर से दिए पत्र के मुताबिक शिक्षिका ने अधिकृत पैन कार्ड से करीब 2.04 करोड़ और दूसरे पैन कार्ड पर 20.68 लाख का लोन लिया है। बताया जा रहा है कि शिक्षा विभाग की ओर से इस मामले में जांच किए जाने की भनक लगने के बाद बैंक अधिकारियों की ओर से भी शिक्षिका के पैन कार्ड और दूसरे दस्तावेजों की जांच कराई जा रही है।

प्रारंभिक तौर पर शिक्षिका के खिलाफ अवैध ढंग से पैन कार्ड बनवाने की पुष्टि तो हुई ही है, इसके साथ यह भी देखा जा रहा है कि इतने ज्यादा संख्या में लोन कराने के पीछे कोई धोखाधड़ी का मामला तो नहीं है।

> शिक्षिका के लोन प्रकरण की जांच कराई जा रही है। जांच में अगर वह दोषी पाई गई तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।
>
> **-देवकी सिंह,** जिला विद्यालय निरीक्षक

> जांच अंतिम चरण में हैं। आरोपों की लगभग पुष्टि भी हो गई है। जल्द ही रिपोर्ट तैयार कर डीआईओएस को सौंप दी जाएगी। - **कुसुमलता,** जांच अधिकारी

## पराली जलाने पर एक और एफआईआर

**बरेली, अमृत विचार :** बहेड़ी में मंगलवार को एक और किसान के खेत में पराली जलाने पर एफआईआर दर्ज कराकर ढाई हजार रुपये जुर्माना भी वसूल किया गया है।

एडीएम फाइनेंस संतोष बहादुर सिंह ने बताया कि मंगलवार को बहेड़ी के उतरसिया गांव के सोहन सिंह ने फसलों के अवशेष जलाए थे। क्षेत्रीय लेखपाल ने बहेड़ी थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई है। चेतावनी दी है कि पराली को खेत में न जलाएं, इससे होने वाला प्रदूषण बहुत खतरनाक है। आदेश का पालन न करने पर कार्रवाई जारी रहेगी। टीमें लगातार पराली की घटनाओं को लेकर निगरानी कर रहीं हैं।

## सार-संक्षेप

### कल निकाली जाएगी प्रभातफेरी

**बरेली, अमृत विचार :** भगवान वाल्मीकि प्रभात फेरी समिति की मंगलवार को जाटवपुरा वाल्मीकि पुस्तकालय में बैठक में समिति अध्यक्ष गुरू प्रसाद सिंह काले ने बताया कि 17 अक्टूबर को जाटवपुरा वाल्मीकि पुस्तकालय से 28वीं प्रभातफेरी निकाली जाएगी। प्रभातफेरी ब्रह्मपुरा, टायरमंडी, गंगापुर चौराहा, मूर्ति नर्सिंग होते हुए रामायण मंदिर रोड प्रेमनगर वाल्मीकि कालोनी के बाद जाटवपुरा पहुंचेगी। बैठक में वेद प्रकाश वाल्मीकि, कमलेश रत्नाकर, श्याम सुंदर, राजकुमार, हरीश आदि उपस्थित रहे।

### तीन दिवसीय वाल्मीकि सद्भावना मेला आज से



**बरेली, अमृत विचार :** 44वां वाल्मीकि सद्भावना मेला बुधवार से शुरू हो जाएगा। पहले दिन का उद्घाटन संयुक्त रूप से भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष दुर्विजय सिंह शाक्य, पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह, बिजनेसमैन राहुल जौहरी और पूर्व विधायक राजेश मिश्रा (पप्पू भरतौल) करेंगे। मेले में मुम्बई से आए डांस ग्रुप अपनी नृत्य प्रस्तुति देंगे। आर्केस्ट्रा ग्रुप गीत संगीत के कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। मेला समिति अध्यक्ष मनोज थपलियाल ने बताया कि हरिद्वार से आए बाबा ब्रह्मा दास विश्व शांति के लिए हवन, कीर्तन और वाल्मीकि रामायण का पाठ करेंगे।

### नगर आयुक्त ने किया छात्रों को सम्मानित



**बरेली, अमृत विचार :** अल्मा मातेर डे कम बोर्डिंग स्कूल में मंगलवार को कोरेनेशन सेरेमनी में मुख्य अतिथि नगर आयुक्त संजीव मौर्यने होनहार छात्रों को सम्मानित किया। सीबीएसई के 6 से 12 वीं कक्षा में पहला स्थान पाने वाले छात्रों को विद्यालय के चेयरमैन कैप्टन राजीव ढींगरा और निदेशक प्रत्यक्ष ढींगरा ने रेड टाई प्रदान की। इसके अलावा कक्षा 10 में सीबीएसई की परीक्षा में प्रथम स्थान अर्जित करने वाले छात्रों को ब्लू ब्लेजर प्रदान कर सम्मानित किया।

### रामायण से होता है चरित्र निर्माण




**बरेली, अमृत विचार :** सीएस इंटरनेशनल स्कूल जागृति नगर में बाल रामायण के रचयिता दीपांकर गुप्ता ने मंगलवार सुबह छात्रों को बाल रामायण की महत्ता बताई। उन्होंने बताया कि रामायण का मुख्य उद्देश्य चरित्र निर्माण के साथ सनातन संस्कृति और लोक व्यवहार की शिक्षा देना भी है। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या शिखा गुप्ता, उप प्रधानाचार्य मीनू गुप्ता, अनिल कुमार, गुंजन भारद्वाज, विजय शंकर, संदीप कुमार, सुशीला, रुचि, पूजा मिश्रा, प्रतिभा कुमारी, अनुराधा कश्यप व अन्य उपस्थित रहे।

### आकाश बने मंडल महामंत्री और प्रमोद उपाध्यक्ष

**बरेली, अमृत विचार :** अखिल भारत वर्षीय ब्राह्मण महासभा मंडल की राजेंद्र नगर में मंगलवार को बैठक में मंडल अध्यक्ष ब्रह्मानंद शर्मा के प्रस्ताव पर प्रदेश अध्यक्ष त्रिभुवन शर्मा ने आकाश नारायण पाराशर को मंडल महामंत्री एवं प्रभारी शाहजहांपुर, प्रमोद उपाध्याय को मंडल उपाध्यक्ष एवं प्रभारी बदायूं, अशोक गौड़ को मंडल उपाध्यक्ष एवं प्रभारी बरेली, वीरेंद्र दत्त शुक्ला और संजीव अग्निहोत्री को मंडल मंत्री और अमित शर्मा को जिला एवं महानगर प्रवक्ता बरेली के रूप में मनोनीत किया। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा समाज के सम्मान, स्वाभिमान के लिए हम सभी को एक साथ मिलकर आवाज बुलंद करनी चाहिए। जिलाध्यक्ष गजेन्द्र पाण्डेय, महामंत्री महेश पाठक आदि उपस्थित रहे।

### जिससे भी अच्छी शिक्षा मिले, ग्रहण कर लेनी चाहिए



**बरेली, अमृत विचार :** रामपुर बाग स्थित आनंद आश्रम में 65वें वार्षिकोत्सव में मंगलवार को पं. नरेश शास्त्री ने सदगुरु की महिमा का वर्णन करते हुए बताया कि प्रभु से मिलाने वाले सदगुरु देव होते हैं। गुरुदेव की कृपा से ही ध्रुव और प्रहलाद को भी भगवत प्राप्ति हुई। स्वामी ज्योतिर्मयानंद सरस्वती ने कहा कि प्रति क्षण गुरु मंत्र का जाप करना चाहिए। जीवन में जिससे अच्छी शिक्षा प्राप्त हो ग्रहण करना चाहिए और जो हमारे जीवन को भागवत की तरह मोड़ दे वही सच्चा गुरु है। महामंडलेश्वर स्वामी आनंद चेतन ने वेदांत के सूत्रों को सरलतम तरीके से समझाते हुए गुरुदेव की महिमा का वर्णन किया। आनंद आश्रम ट्रस्ट के मंत्री नरसिंह मोदी, उपाध्यक्ष पंकज अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, अनिल गुप्ता, दीपेश खंडेलवाल, रजनीश अग्रवाल, आनंद स्वरूप अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

# वालीबॉल: बरेली ने बस्ती और गोरखपुर ने आगरा को हराया

## राजकीय इंटर कॉलेज में 68 वीं प्रदेशीय विद्यालयी वॉलीबाल प्रतियोगिता शुरू, अंडर 17 में मेरठ और अयोध्या ने जीते मैच

कार्यालय संवाददाता, बरेली



राजकीय इंटर कॉलेज में वालीबॉल प्रतियोगिता में अंडर-14 टीमों के बीच मुकाबला। ● अमृत विचार



फीता काटकर कमिश्नर और डीएम ने प्रतियोगिता की शुरुआत की। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** राजकीय इंटर कॉलेज में अंडर 14, 17 और 19 बालिका वर्ग में 68 वीं प्रदेशीय विद्यालयी वॉलीबाल प्रतियोगिता मंगलवार को शुरू हुई। अंडर 14 आयु वर्ग में गोरखपुर वीबीएस स्पोर्ट्स कॉलेज ने आगरा को 2-0 और बरेली ने बस्ती को 2-0 से हरा कर जीत दर्ज की।

अंडर 17 में मेरठ ने प्रयागराज को 2-0, अयोध्या ने सहारनपुर को 2-0, आजमगढ़ ने कस्तूरबा गांधी स्कूल को 2-0, लखनऊ ने झांसी को 2-0, आगरा ने अलीगढ़ को 2-1, कानपुर ने विंध्याचल धाम को 2-0 और बरेली ने मुरादाबाद को 2-0 से हराया। इसके अलावा अंडर 19 में गोरखपुर ने अयोध्या को 2-0, बस्ती ने प्रयागराज, लखनऊ ने झांसी, वाराणसी से चित्रकूट, मेरठ ने विंध्याचल को 2-0 और बरेली ने गोरखपुर को 2-1 से हराकर जीत हासिल की।

**जो हारेगा वह सीखेगा, जो जीतेगा आगे बढ़ेगा-कमिश्नर**

इससे पहले मुख्य अतिथि कमिश्नर सौम्या अग्रवाल ने कॉलेज परिसर में बने वालीबॉल मैदान में फीता काटकर और विशिष्ट अतिथि जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार ने सर्विस कर प्रतियोगिता की शुरुआत की। कमिश्नर ने कहा कि खेल तो कोई एक ही जीतेगा और बाकी हारेंगे, जो हारेगा वो ज्यादा सीख कर जाएगा और जो जीतेगा वो आगे बढ़ेगा। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी खिलाड़ी खेल भावना के साथ खेलें और निर्णायक भी अपने अनुभव और जानकारी के आधार पर ऐसी टीम का चयन करें जो राष्ट्रीय स्तर पर भी गोल्ड मेडल हासिल करे। कार्यक्रम की संक्षिप्त रूपरेखा के बारे में जिला विद्यालय निरीक्षक देवकी सिंह ने बताया। इस मौके पर इस्लामिया बालिका इंटर कॉलेज, महावीर प्रसाद कन्या इंटर कॉलेज और मेथोडिस्ट बालिका इंटर कॉलेज की छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। मंच संचालन डॉ. अवनीश यादव ने किया। इस मौके पर जीआईसी प्रधानाचार्य ओम प्रकाश राय, मंडलीय क्रीड़ा सचिव नईम अहमद, आरके शाक्य, कुसुमलता राजपूत, डॉ. राम श्री, सुनीला मैसी, चमन जहां, अर्चना राजपूत सहितविभिन्न स्कूलों के प्रधानाचार्य उपस्थित रहे।



प्रतियोगिता की शुरुआत बच्चों की ओर से प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ हुई। ● अमृत विचार

# सीए ने तैयार की रिपोर्ट, जल्द कॉलेज भेजेगा हिसाब

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● **वर्ष 2014-15 में मिली 30 लाख की ग्रांट का हिसाब न देने पर कॉलेज को भेजा गया था नोटिस**



**अमृत विचार:** यूजीसी की ओर से बरेली कालेज के प्राचार्य को ग्रांट का हिसाब न देने पर जारी नोटिस के मामले में सीए ने रिपोर्ट तैयार कर ली है। प्राचार्य ने बताया कि जल्द ही खर्च का हिसाब यूजीसी को भेज दिया जाएगा।

यूजीसी की ओर से वर्ष 2014-15 में रेमेडियल कक्षाएं के लिए बरेली कॉलेज को 30 लाख रुपये की अनुदान धनराशि दी गई थी लेकिन कॉलेज की ओर से इस राशि के खर्च का कोई हिसाब नहीं दिया गया। यूजीसी ने 14 दिसंबर 2022, 9 जून 2023 और 18 अप्रैल को ई-मेल के माध्यम रिमाइंडर भेजा। यूजीसी ने खाते को अंतिम रूप देने की अवधि के दौरान अर्जित ब्याज के साथ अनुदान की धनराशि और विवरण के साथ बैंक का एक प्रमाण पत्र जमा करने का निर्देश दिया। रेमेडियल कक्षाओं के लिए 10,81,536 रुपये जो ब्याज लगाकर 20,77,477 हो गया। वहीं पीजी डेवलपमेंट ग्रांट 14,19,012 ब्याज के साथ 16,19,012 रुपये हुई। बरेली कॉलेज के प्राचार्य प्रो. ओपी राय ने बताया कि सीए की ओर से रिपोर्ट तैयार कर ली गई है, जल्द इस रिपोर्ट को यूजीसी को भेजा जाएगा। सभी रिकॉर्ड पुराने होने और तत्कालीन स्टाफ के रिटायर होने से रिपोर्ट तैयार होने में समय लगा। यूजीसी को ये भी बताया जाएगा कि वर्तमान में बरेली कॉलेज के खाते सीज हैं, इस कारण राशि वापस करने में असमर्थ हैं।

## खिलाड़ियों के सत्यापन के लिए सीआरएस नंबर जरूरी

**बरेली, अमृत विचार :** जिला फुटबॉल संघ के सचिव मून रॉबिन्सन ने बताया कि उत्तर प्रदेश फुटबॉल संघ की ओर से 17 से 24 अक्टूबर तक सीनियर पुरुष फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इसके लिए खिलाड़ियों का सत्यापन किया जाएगा।

इसके लिए एआईएफएफ (ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन) की ओर से सीआरएस (सेंट्रल रेजिस्ट्रेशन सिस्टम ) नंबर होना जरूरी है। जो खिलाड़ी राष्ट्रीय फुटबॉल चैम्पियनशिप में पहले से प्रतिभाग कर चुके हैं उन्हें सर्टिफिकेट की फोटो कॉपी से सत्यापन कराने में आसानी होगी। इसलिए खिलाड़ियों को अपना सर्टिफिकेट ले जाना अनिवार्य है। वहीं नए खिलाड़ियों को सीआरएस नंबर लिखना जरूरी है। उन्होंने बताया कि अयोध्या में बरेली मंडल का पहला मैच 17 अक्टूबर को बस्ती मंडल के साथ होगा।

# राधा माधव और मानस स्थली स्कूल बने ओवरऑल विजेता



विजेता खिलाड़ियों के साथ इंडिपेंडेंट स्कूल एसोसिएशन के पदाधिकारी और शिक्षक। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● **दो दिवसीय एथलेटिक मीट में सौ मीटर दौड़ में मनीष रहे प्रथम**

**अमृत विचार :** इंडिपेंडेट स्कूल्स एसोसिएशन की ओर से दिल्ली पब्लिक स्कूल में आयोजित दो दिवसीय एथलेटिक मीट का मंगलवार को समापन हुआ। प्रतियोगिता में ओवरआल बालिका वर्ग में राधा माधव स्कूल और बालक वर्ग में मानस स्थली स्कूल की टीमों ने पहला स्थान हासिल किया।

बालक वर्ग में अंडर 14 में 100 मीटर दौड़ में पद्मावती एकेडमी के छात्र मनीष यादव ने, 200 मीटर में जयपुरिया स्कूल के राहिल रजा खां, अंडर-19 में 200 मीटर में मानस स्थली स्कूल के शिवांश अग्निहोत्री ने पहला स्थान प्राप्त किया। अंडर 14 बालक वर्ग में ऊंची कूद में सेक्रेड हार्ट स्कूल के जॉनसन और अंडर 19 गोला फेंक में जीडी गोयन्का स्कूल के मीत गिल ने पहला स्थान प्राप्त किया।

बालिका वर्ग में अंडर 14 में 100 मीटर दौड़ में जयपुरिया स्कूल की शगुन भट्ट, अंडर 19 में 200 मीटर दौड़ में राधामाधव स्कूल की आस्था, 400 मीटर दौड़ में सिद्धि राजपूत, 800 मीटर में अल्मा मातेर स्कूल की मान्य वर्मा ने पहला स्थान प्राप्त किया। अंडर 14 में 400 मीटर रिले रेस में सेंट मारिया की टीम पहले स्थान पर रही। अंडर 14 ऊंची कूद में डीपीएस की मनप्रीत संधू, अंडर 19 लंबी कूद में सेंट मारिया स्कूल की अदिति सिंह पहले स्थान पर रहीं।

मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, स्मिता भारद्वाज, आईएसए अध्यक्ष निर्भय बेनीवाल, सचिव डॉ. अंकित बग्गा, अमनदीप बेदी, प्रधानाचार्य वीके मिश्रा आदि लोग उपस्थित रहे।

# प्रवेश के महीने भर बाद ही सेमेस्टर परीक्षा देंगे विद्यार्थी

कार्यालय संवाददाता, बरेली



बरेली कॉलेज में परीक्षा फार्म जमा करने के लिए लाइन में लगीं छात्राएं।

● **विश्वविद्यालय ने स्नातक और परास्नातक की विषम सेमेस्टर की परीक्षा की तिथि घोषित कीं**

**अमृत विचार:** विश्वविद्यालय ने स्नातक और परास्नातक की विषम सेमेस्टर की परीक्षाओं की तिथि घोषित कर दी है। परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार के मुताबिक स्नातक की परीक्षा 8 और परास्नातक की 16 नवंबर से शुरू होगी। परास्नातक के विद्यार्थियों का कहना है कि प्रवेश के एक महीने बाद ही परीक्षा शुरू हो जाएगी जबकि पाठ्यक्रम पूरा नहीं हुआ है। पाठ्यक्रमों के लिए सेमेस्टर परीक्षाओं की तिथियां घोषित कर दी हैं।

स्नातक की परीक्षा 8 नवंबर से शुरू होकर 23 दिसंबर तक और परास्नातक की परीक्षा 16 से 28 नवंबर तक चलेंगी। वर्तमान में बरेली कॉलेज में परास्नातक तृतीय सेमेस्टर की प्रवेश प्रक्रिया चल रही है और प्रथम सेमेस्टर की कक्षाएं लगे हुए करीब 15 दिन ही हुए हैं। ऐसे में विद्यार्थी एक माह बाद कैसे परीक्षा दे पाएंगे। वर्तमान में कई महाविद्यालयों में विद्यार्थियों के रोल नंबर भी जारी नहीं हुए हैं। ऐसे में महाविद्यालयों की ओर से मिड टर्म कराने में भी समस्या आ सकती है। बरेली कॉलेज में मिड टर्म को लेकर परीक्षा नियंत्रक प्रो. राजेंद्र सिंह ने सभी विभागाध्यक्षों को पेपर तैयार करने को लेकर निर्देशित किया है। अक्टूबर अंत तक मिड टर्म की परीक्षाएं पूरी हो जाएंगी। विश्वविद्यालय प्रशासन के परीक्षा से पहले छात्रों को तैयारी के लिए पर्याप्त समय दिया गया है।

## बरेली कॉलेज में शिक्षकों और कर्मचारियों की बायोमेट्रिक उपस्थिति जरूरी, ट्रायल हुआ

**बरेली, अमृत विचार:** बरेली कॉलेज में शिक्षकों और कर्मचारियों की बायोमेट्रिक हाजिरी जरूरी कर दी गई है। मशीनें लगने के बाद मंगलवार को इसका ट्रायल किया गया है।

प्राचार्य प्रो. ओपी राय के अनुसार शासन के निर्देश के बाद परिसर में दो स्थानों सेमिनार हाल गेट और प्राचार्य कार्यालय के बाहर बायोमेट्रिक मशीनें लगाई गई हैं। इसमें स्थायी शिक्षक और कर्मचारी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। शिक्षक दोनों में से कहीं भी हाजिरी लगा सकेंगे। मंगलवार को ट्रायल के दौरान कई शिक्षकों का फेस ही स्कैन नहीं हो सका। ऐसे में डेटा अपडेट करने के लिए तकनीकी टीम से संपर्क किया गया है। इस सप्ताह के अंत तक सुविधा पूरी तरह संचालित होने की संभावना जताई जा रही है। बता दें बायोमेट्रिक मशीन के लिए एक साल से अधिक समय पहले कॉलेजों को निर्देश दिए गए थे। उसके बाद भी बरेली कॉलेज इसका संचालन नहीं कर सका था और सभी की रजिस्टर पर ही हाजिरी लगाई जा रही थी।

## बीईओ को निरीक्षण में एक शिक्षक अनुपस्थित मिला

**देवरनियां, अमृत विचार :** बीईओ विवेक शर्मा ने मंगलवार को ब्लॉक के कस्तूरबा विद्यालय और परिषदीय स्कूलों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्हें एक विद्यालय में शिक्षक अनुपस्थित मिला। शिक्षक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने प्राथमिक विद्यालय उलैहतापुर, खिरनी, जागनडांडी, मुंडिया नबी बख्श का जायजा लिया। उलैहतापुर में एक शिक्षक गैरहाजिर मिले। उन्होंने पोर्टल पर शिक्षक की अनुपस्थिति दर्ज कराई। कस्तूरबा गांधी विद्यालय मुंडिया नबी बख्श में भी व्यवस्थाओं को परखा गया। वार्डन अनीता शर्मा और स्टाफ मिला।

# 24 करोड़ के लिए किस्मत पैलेस में हत्या और सस्पेंस

कार्यालय संवाददाता, बरेली



नाटक का मंचन करते कलाकार।



ज्योत्स्ना देवी को स्मृति चिन्ह भेंट किया।

● **इंद्रधनुष के तीसरे दिन नाटक किस्मत पैलेस का किया गया मंचन**

**अमृत विचार:** एसआरएमएस रिद्धिमा के सभागार में थिएटर फेस्टिवल रंग महोत्सव इंद्रधनुष में तीसरे दिन मंगलवार को एकलव्य थिएटर देहरादून ने अखिलेश नारायण के निर्देशन में नाटक किस्मत पैलेस का मंचन किया।

नाटक की शुरुआत फिल्म निर्माता और निर्देशक जय सिंह ऐडनवाला से होती है, जो नशे में गाड़ी चलाने के कारण दुर्घटना का शिकार हो जाता है। उसे एक युवक सुभाष कुमार मौत से बचा लेता है और उसे घर छोड़ने जाता है। बंगले पर पहुंचने के बाद जय सिंह सुभाष को धन्यवाद देने के लिए अंदर बुलाते हैं और अपनी पत्नी मल्लिका से मिलवाते हैं और उसे अपना ड्राइवर बना लेते हैं।

मल्लिका इस फैसले को पसंद नहीं करती और चोरी के आरोप में फंसाकर सुभाष को घर से निकालने की कोशिश करती है लेकिन सुभाष की बुद्धिमत्ता की वजह से वह सफल नहीं होती। कर्ज में डूबे जय सिंह को मारकर मल्लिका उसके लाइफ इंश्योरेंस का 24 करोड़ रुपये हासिल करना चाहती है।

ऐसे में जय सिंह सुभाष और मल्लिका को बुलाता है और सुभाष को एक पत्र देता है और मल्लिका को अपनी बीमा पॉलिसी में किए गए एक छोटे से बदलाव के बारे में बताता है। पॉलिसी की शर्तों के अनुसार बीमा राशि का दावा केवल तभी किया जा सकता था, जब ऐडनवाला की हत्या हो जाए या वह खुद को मार न ले। ऐडनवाला कहता है कि उसे पता है कि मल्लिका उसकी आत्महत्या को हत्या दिखाने की कोशिश करेगी। नाटक में जागृति कोठारी, प्रियांशु बिष्ट, जय सिंह रावत, ऋतिक सीमल्टी, हेमलता पांडेय, कृष्ण नंद ने अपनी भूमिकाओं में शानदार अभिनय किया। इससे पहले एडिशनल कमिश्नर आयकर ज्योत्स्ना देवी, पार्षद राजेश अग्रवाल, एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक एवं चेयरमैन देव मूर्ति, सचिव आदित्य मूर्ति ने कार्यक्रम की शुरुआत की। इस मौके पर आशा मूर्ति, ऋचा मूर्ति, उषा गुप्ता, सुभाष मेहरा, डॉ. एमएस बुटोला, डॉ. प्रभाकर गुप्ता, डॉ. अनुज कुमार, डॉ. रीटा शर्मा समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# राजकीय हाईस्कूल और इंटर कॉलेजों में लगेंगे करियर मेले

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● **मेले के आयोजन के लिए कॉलेजों में करियर हब क्लब का गठन किया**

**अमृत विचार :** राजकीय हाईस्कूल और इंटर कॉलेजों में करियर मेलों का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए सभी कॉलेजों में करियर क्लब हब का गठन किया गया है। करियर हब बनाने के लिए 9 हजार, शिक्षकों-अभिभावकों की बैठक के लिए 6 हजार और करियर मेले के आयोजन के लिए पांच हजार रुपये की धनराशि कॉलेजों को शासन से आवंटित की गई है।

करियर गाइडेंस कार्यक्रम की जिला नोडल अधिकारी इनायतपुर राजकीय हाईस्कूल की प्रधानाचार्य कुसुमलता ने बताया कि इस कार्यक्रम के तहत छात्र भविष्य में अपनी क्षमता और रुचि के अनुसार सर्वश्रेष्ठ करियर का चयन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि इस महीने के अंत तक जिले के सभी सरकारी हाईस्कूल और इंटर कॉलेजों में प्रधानाचार्यों के नेतृत्व में करियर मेले का आयोजन होगा। इसके बाद नवंबर में जिला विद्यालय निरीक्षक के निर्देशन में जिला स्तरीय और दिसंबर में राज्य परियोजना कार्यालय की ओर से मेले का आयोजन होगा। मेले में करियर विकल्पों को प्रदर्शित करने वाले कोलॉज, पोस्टर, स्लोगन, पम्फलेट, कार्ड आदि के जरिए कॉर्नर तैयार कराए जाएंगे। मेले में डॉक्टर, इंजीनियर, पुलिस, प्रशासनिक अधिकारी, सफल स्थानीय व्यापारी, शिक्षक, अभिभावक और विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ को भी आमंत्रित किया जाएगा।

## बरेली कॉलेज में हॉकी और कबड्डी के ट्रायल

**बरेली, अमृत विचार:** बरेली कॉलेज के क्रीड़ा विभाग की ओर से मंगलवार को खेल परिसर में हॉकी और कबड्डी की महाविद्यालयी प्रतियोगिता के ट्रायल हुए। ट्रायल में दोनों खेलों में 18 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। प्रदर्शन के आधार पर सभी विद्यार्थियों को प्रतियोगिता में भेजा जाएगा। कम खिलाड़ी आने से टीम का गठन नहीं हो पाया।

हॉकी में खिलाड़ियों ने तेज गति, उत्कृष्ट टीम वर्क और रणनीति का प्रदर्शन किया। कबड्डी के खिलाड़ियों ने भी अपनी ताकत और फुर्ती से सभी को प्रभावित किया। कॉलेज के क्रीड़ा प्रभारी विवेक डागर ने बताया कि चयनित खिलाड़ियों को अगले स्तर के प्रशिक्षण के लिए तैयार किया जाएगा। चयनित खिलाड़ियों को कॉलेज की ओर से विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

मानसिक रोग, सैक्स रोग, नशा उन्मूलन विशेषज्ञ



डॉ. (प्रो.) राकेश यदुवंशी

Neuropsychiatrist
M.B.B.S., M.D., F.I.P.S., M.I.A.C.A.M.
(के.जी.एम.यू. लखनऊ)
भूतपूर्व मनोचिकित्सक, रुहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज, बरेली

मिलने का समय
सोमवार-बुधवार पूर्वान्ह 11 से 3 बजे तक
गुरुवार-शनिवार दोपहर 2 बजे से 6 बजे तक

- हिस्टीरिया, मिर्गी
- सिर दर्द, माइग्रेन
- डिप्रेशन, घबराहट
- स्किजोफ्रेनिया, उन्माद
- नशे की आदत
- डिमोशिया
- याद्दाश्त कम होना
- बच्चों में चंचलता
- पागलपन बुदबुदाना
- बिस्तर गीला करना
- बेवजह शक करना
- नींद न आना

दिमाग की जाँच (E.E.G.) की सुविधा उपलब्ध है।



संवेदना क्लीनिक
100 फिटा रोड, बरेली।
Mob. 08126922960
Clinic : 7409944400

## नकली जेवर बेचने की कोशिश ठग को पकड़ा

**मीरगंज, अमृत विचार :** एक ठग ने कस्बा और धनेटा में दो सर्राफा कारोबारियों को नकली जेवर बेचने की कोशिश की। आईडी में नाम-पता अलग होने पर भेद खुल गया। ठग को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया गया।

कस्बे में निकित कुमार गुप्ता की तहसील रोड पर अजय ज्वैलर्स के नाम से दुकान है। मंगलवार दोपहर एक युवक साथी के साथ उनकी दुकान पर जेवर लेकर पहुंचा। निकित ने जेवर चेक किया तो नकली निकला। इस बीच ठग का साथी भाग गया। आरोपी को पकड़कर थाने लाया गया। मामले में तहरीर दी गई है। वहीं, यही ठग नकली जेवर बेचने सुबह थनेटा में कृष्ण पाल गंगवार ज्वैलर्स की शॉप पर भी गया था। दुकानदार ने माल नहीं खरीदा तो वहां से वह चला आया था।

# नाबालिग लड़की से दुष्कर्म करने वाले को 20 साल कैद

## पीड़िता का फेसबुक फ्रेंड था आरोपी, धोखे से बुलाकर ले गया था चंडीगढ़

विधि संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** दो साल पहले नाबालिग लड़की (16) को बहला फुसलाकर चंडीगढ़ ले जाकर दुष्कर्म करने के आरोपी थाना इज्जतनगर के गांव कुम्हरा निवासी करन कश्यप को परीक्षण में दोषी पाते हुए स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट कोर्ट कुमार मयंक ने 20 वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनाई। कोर्ट ने 28 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया। जुर्माने की पूरी रकम पीड़िता को बतौर मुआवजा दी जाएगी।

सरकारी वकील सुभव कुमार मिश्रा ने बताया कि पीड़िता की मां ने 26 सितंबर 2022 को थाना किला में तहरीर देकर बेटी की गुमशुदगी दर्ज कराई थी थी कि बेटी 24 सितंबर दोपहर 12 बजे अपने पिता के डांटने पर घर से चली गयी थी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर दौरान पीड़िता को बरामद किया था। पीड़िता ने अपने बयान में बताया था कि करन को फेसबुक से जानती थी और चैट करती थी। घटना वाले दिन करन ने उससे कहा कि अगर वह उससे शादी नहीं करेगी तो वह मर जाऊंगा। उसकी बातों में आकर रोडवेज बस अड्डे पहुंची फिर वह मुझे मुरादाबाद होते हुए दिल्ली ले गया। यहां से चंडीगढ़ ले गया और वहां पर किराये के कमरे में रखा और खुद फास्ट फूड डिलीवरी का काम करने लगा। इसी दौरान दो-तीन बार जबरन शारीरिक संबंध बनाये। मुझे मेरी दोस्त से पता चला कि करन के खिलाफ मुकदमा लिख गया है, तब मैंने करन को बताया तो वह चंडीगढ़ से बरेली लेकर आया और रोडवेज बस अड्डे पर छोड़कर चला गया। शासकीय अधिवक्ता ने सात गवाह पेश किये।

### नाबालिग लड़की से दुष्कर्म के आरोपी को जमानत नहीं

**विधि संवाददाता, बरेली :** नाबालिग लड़की (15) को शादी का झांसा देकर बहला फुसलाकर ले जाने के बाद दुष्कर्म करने के आरोपी बहेड़ी के गांव बकौली निवासी प्रदीप की जमानत अर्जी स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट कोर्ट-3 उमाशंकर कहार ने खारिज कर दी। सरकारी वकील राजीव तिवारी ने बताया कि पीड़िता की मां ने थाना बहेड़ी में तहरीर देकर आरोपी के विरुद्ध 24 नवम्बर 2023 को पुत्री को बहला फुसलाकर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज करायी थी। पीड़िता ने अपने बयान में मुल्जिम पर दिल्ली ले जाने और बिना उसकी मर्जी के शारीरिक संबंध बनाने की बात कही थी। पुलिस ने दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट, एससी/एसटी एक्ट की संगीन धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर दिसम्बर 2023 में आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट के समक्ष पेश किया था, कोर्ट ने जेल भेज दिया था।

## तीन किलो अफीम के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**भमोरा, अमृत विचार :** एएनटीएफ की बरेली यूनिट ने मंगलवार को अलीगंज रोड पर रामपुरा गांव के पास अंडरपास पर दो तस्करों को दबोच लिया। आरोपियों के पास से तीन किलो अफीम बरामद हुई है। रिपोर्ट दर्ज कर दोनों तस्करों को जेल भेज दिया गया है। आरोपी बिहार से अफीम खरीदकर दूसरे प्रांतों में बेचते थे।

पुलिस महानिरीक्षक एंटी नारकोटिक टास्क फोर्स लखनऊ के निर्देशन में टीम ने कार्रवाई की। बताते हैं कि बरामद अफीम की अंतर्राष्ट्रीय बाजार में करीब 30 लाख रुपये कीमत है। टीम के अनुसार तलाशी में अफीम के अलावा आरोपियों के पास मोबाइल, 590 रुपये और बाइक बरामद हुई है। पूछताछ में दोनों ने अपना नाम ललिता प्रसाद उर्फ छोटा और जोगिंदर उर्फ जुगनू निवासी ग्राम कमालपुर थाना अलीगंज बताया। टीम के अनुसार ललिता प्रसाद का छोटा भाई किरन पाल कस्बा शेरघाटी जिला गया बिहार से अफीम खरीदता है।

## निकाह का झांसा देकर बनाए शारीरिक संबंध, बच्चा पैदा होने पर छोड़ दिया

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- युवती ने थाना सुभाषनगर में युवक के खिलाफ दर्ज कराई रिपोर्ट

**अमृत विचार :** निकाह का झांसा देकर प्रेमी ने दो वर्ष तक युवती से शारीरिक संबंध बनाए और बच्चा पैदा होने पर निकाह से इन्कार कर दिया। उसने युवती और उसके बेटे को भी जान से मारने की धमकी दी। एसएसपी के निर्देश पर थाना सुभाषनगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

किला थाना क्षेत्र में रहने वाली युवती ने बताया कि करीब दो वर्ष पहले उसकी मुलाकात सुभाषनगर के पुरवा बब्बन खां निवासी फराज खां से हुई थी। फराज ने कई दिनों तक उससे बातचीत की और फिर दोनों में प्रेम संबंध हो गए। फराज ने निकाह का वादा किया और उसके बाद लगातार शारीरिक संबंध बनाए। गर्भवती होने पर आरोपी ने गर्भपात कराने का दबाव बनाया, लेकिन उसने इन्कार कर दिया। 10 महीने पहले उसने बेटे को जन्म दिया और फराज ने निकाह से मना कर दिया। शादी का दबाव बनाने पर धमकी दी कि वह उसकी और उसके बेटे की हत्या कर देगा। वह 29 अगस्त को फराज के घर गई तो तब उसने मारपीट कर भगा दिया।

### थाने से गालीगलौज करके भगा दिया

युवती के मुताबिक वह 29 अगस्त को बेटे को लेकर थाना सुभाषनगर में गईं और रिपोर्ट दर्ज करने की फरियाद की लेकिन थाने में उसके साथ बदसलूकी की गई। पुलिस कर्मियों ने गंदी-गंदी गालियां दी और उसके चरित्र पर भी उंगली उठाई और फिर थाने से भगा दिया, तब उसने एसएसपी से शिकायत की। एसएसपी के निर्देश के बाद थाना सुभाषनगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की।

# मुठभेड़: पुलिस की गोली ने पैर की हड्डी तोड़ी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- जिला अस्पताल में कराए गए एक्सरे में हुई पुष्टि, कोर्ट में पेश कर जेल भेजा

**अमृत विचार :** सेंट्रल जेल के कृषि फार्म से 10 अक्टूबर को फरार हुआ कैदी हरपाल अब आसानी से दोबारा जेल से नहीं भाग पाएगा। पुलिस की गोली ने उसके दाहिने पैर की हड्डी ही तोड़ दी। इज्जतनगर पुलिस ने प्राथमिक इलाज कराने के बाद मंगलवार को उसे कोर्ट में पेश कर दोबारा जेल भेज दिया। अब नकटिया में रहने वाले उसके दोस्त रमेंद्र पाल की तलाश में दबिश दी जा रही है।

सेंट्रल जेल के कृषि फार्म पर ट्रैक्टर से जुताई करते वक्त फतेहगंज पूर्वी क्षेत्र के गांव खनी नवादा निवासी हरपाल 10 अक्टूबर को भाग निकला था। पुलिस के मुताबिक सोमवार देर रात अदलखिया के जंगल में हुई मुठभेड़ के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने उसके दाहिने पैर में गोली भी मारी जिससे उसकी हड्डी टूट गई। जिला अस्पताल में कराए गए एक्सरे में इसकी पुष्टि के बाद पैर में प्लास्टर कराकर उसे कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट के आदेश पर उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस



घायल कैदी हरपाल।

का कहना है कि मुठभेड़ के दौरान रमेंद्र भी उसके साथ था जो फरार हो गया था। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस दबिश दे रही है।हरपाल को हत्या के मामले में उम्रकैद होने के बाद जुलाई 2023 में जिला जेल से सेंट्रल जेल भेजा गया था। हरपाल ट्रैक्टर चलाना जानता था जिसकी वजह से जेल प्रशासन ने उसे कृषि फार्म में काम पर लगा दिया था। बृहस्पतिवार शाम वह यहीं से ट्रैक्टर से जुताई करते समय फरार हो गया था। एसएसपी अनुराग आर्य ने उस पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था।

**केस में बढेग़ा हरपाल की पत्नी और रमेंद्र का नाम:** इंस्पेक्टर इज्जतनगर धनंजय पांडे ने बताया कि हरपाल समेत चार लोगों के खिलाफ सेंट्रल जेल के जेलर नीरज कुमार ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मुठभेड़ में हरपाल को गिरफ्तार कर लिया गया है। अब विवेचना में उसके दोस्त रमेंद्र और पत्नी नगीना देवी का भी नाम बढ़ाया जाएगा। फरारी के बाद हरपाल की जिस-जिसने मदद की, ऐसे सभी लोगों को चिह्नित किया जा रहा है।

## बिना ट्रैक्टर चालक 55 एकड़ में खेती करा रहा जेल प्रशासन

- कृषि फार्म में उगाई सब्जियां सेंट्रल जेल के साथ दूसरी जेलों में भी होती हैं सप्लाई

**बरेली, अमृत विचार :** छह जिला जेलों को सब्जियों की सप्लाई करने वाला सेंट्रल जेल प्रशासन बिना ट्रैक्टर चालक 55 एकड़ में खेती करा रहा है। जेल मुख्यालय से यहां ट्रैक्टर चालक की नियुक्ति नहीं की गई है। यही वजह है कि हरपाल जैसे कैदियों से ट्रैक्टर चलवाना जेल प्रशासन की मजबूरी है। सेंट्रल जेल प्रशासन करीब 55 एकड़ में गाजर, टमाटर, बैगन, मूली, लौकी जैसी सब्जियों की खेती कराता है। इन सब्जियों से सेंट्रल जेल के बंदियों के लिए तो खाना बनता ही है, जेल मुख्यालय ने शाहजहांपुर, पीलीभीत, बदायूं, मुरादाबाद, बिजनौर और रामपुर जिला जेल में भी सब्जी भेजने का लक्ष्य दिया हुआ है। जेल प्रशासन के पास ट्रैक्टर चालक न होने से खेती कराने में समस्याएं सामने आती हैं। मुख्यालय से सुभाषचंद्र को सेंट्रल जेल के लिए ट्रैक्टर चालक नियुक्त किया गया था लेकिन जुलाई में उनका फतेहगढ़ तबादला हो गया जिसके बाद यह पद खाली पड़ा है। जेल मुख्यालय के अधिकारियों के सामने सेंट्रल जेल के अधिकारियों ने कई बार ट्रैक्टर चालक की नियुक्ति करने का प्रस्ताव रखा लेकिन हर बार आश्वासन से आगे यह बात नहीं बढ़ी। इस वजह से दूसरी जेलों को सब्जी भेजने का लक्ष्य पूरा करना भी जेल प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती बना हुआ है।

> मुख्यालय से ट्रैक्टर चालक की नियुक्ति न होने के कारण जेल में 55 एकड़ की खेती कराना चुनौती है। कई बार जेल मुख्यालय के सामने प्रस्ताव रखा गया लेकिन किसी की नियुक्ति नहीं की गई है।
> – **नीरज कुमार, जेलर**, सेंट्रल जेल

# शादी करा दो वर्ना कूदकर दे दूंगी जान

संवाददाता,मीरगंज

- प्रेमी से शादी के लिए फ्लाईओवर की दीवार पर चढ़ी किशोरी
- काफी देर चला हाईवोल्टेज ड्रामा, प्रेमी ने दीवार से उतारा

**अमृत विचार :** फिल्म शोले में बसंती से शादी के लिए वीरू पानी की टंकी पर चढ़ गया था, मगर यहां प्रेमी से शादी के लिए किशोरी फ्लाईओवर की दीवार पर चढ़ गई। उसने जान देने की कोशिश की। बोली-शादी प्रेमी से करूंगी नहीं तो कूद जाऊंगी। काफी देर तक हाईवोल्टेज ड्रामा चला। प्रेमी ने दीवार से खींचकर नीचे उतारा। पुलिस दोनों को थाना ले आई।

थाना क्षेत्र के एक किशोरी का गांव के ही युवक से प्रेम प्रसंग चल रहा था। किशोरी के परिजन बाहर काम करते हैं। वहीं युवक भी काम करता था। बताते हैं कि वहां से दोनों मीरगंज आए गए। अब युवक उसे साथ रखने के लिए तैयार नहीं है, क्योंकि वह नाबालिग है। वहीं किशोरी के परिजन भी शादी के लिए तैयार नहीं हैं। इससे नाराज होकर किशोरी मंगलवार को हाईवे पर कपूरताल के पास फ्लाईओवर की दीवार पर चढ़ गई। बोली- मैं प्रेमी से शादी करूंगी नहीं तो कूदकर जान दे दूंगी। कुछ ही देर में फ्लाईओवर के नीचे लोगों की भीड़ जुट गई। लोग उसे समझाकर नीचे आने के लिए कह रहे थे।

वहां उसका प्रेमी भी मौजूद था। इस बीच प्रेमी चुपके से फ्लाईओवर पर पहुंचा और उसे पकड़कर नीचे उतारा। सूचना पर पहुंची पुलिस दोनों को थाना ले आई। बताते हैं कि दोनों एक ही जाति के हैं। उनके परिजनों को सूचना दे दी गई है। पुलिस ने प्रेमी के खिलाफ चालान करने की कार्रवाई की है। सीओ गौरव सिंह ने बताया कि वह कोर्ट आए हुए हैं। मामले की जानकारी थाना पुलिस से ली जाएगी।



फ्लाईओवर की दीवार पर चढ़ी किशोरी।

### ऊंचा डिवाइडर बनाने से हो रही दिक्कत

**बरेली, अमृत विचार:** सेटेलाइट तिराहा के आगे पुल से उतरते ही सड़क पर ऊंचे डिवाइडर बना दिए गए हैं। इसकी वजह से रात में वाहन चालकों को परेशानी हो रही है।

## सार-संक्षेप

### एफआईआर टेस्ट में पास हुईं महिला पुलिसकर्मी सम्मानित



एसएसपी ने दरोगा मीनाक्षी और हेड कांस्टेबल रश्मि को दिए प्रशस्ति पत्र।

**बरेली, अमृत विचार :** हाफिजगंज थाने में एफआईआर दर्ज करने के मामले में दो महिला पुलिसकर्मी टेस्ट में पास हो गईं। फरियादी बनकर रिपोर्ट दर्ज कराने पहुंचे अधिकारियों से अच्छा व्यवहार करने के मामले में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने दोनों पुलिस कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है। इससे पहले एफआईआर टेस्ट में फेल होने पर नवाबगंज थाने के दरोगा सुदेश पाल को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने निलंबित कर दिया था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने बताया कि 9 अक्टूबर को थाना हाफिजगंज में जनसुनवाई प्रक्रिया की जांच और टेस्ट एफआईआर के लिए मारपीट से संबंधित शिकायत जनसुनवाई डेस्क पर की गयी। अंडर ट्रेनी आईपीएस भूपेंद्र पांडेय शिकायतकर्ता बनकर पहुंचे। जनसुनवाई डेस्क पर महिला दरोगा मीनाक्षी और मुख्य आरक्षी रश्मि ने शिकायतकर्ता के साथ सकारात्मक व्यवहार किया और शिकायत लिखने के लिए कागज उपलब्ध कराया। इसके अलावा शिकायत के संबंध में पूछताछ कर जनसुनवाई रजिस्टर में विवरण दर्ज किया। इसे देखते हुए दोनों के सराहनीय और उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

### बहराइच में बवाल के बाद बरेली में पुलिस सतर्क



**बरेली, अमृत विचार :** बहराइच में बवाल के बाद बरेली पुलिस भी सतर्क है। एसपी सिटी मानुष पारीक ने मंगलवार को चौकी प्रभारियों के साथ बैठक में खुराफातियों पर नजर रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चौकी क्षेत्र के लोगों से संवाद कायम करें और उन्हें भरोसा दिलाएं कि पुलिस उनके साथ है। सोशल मीडिया पर भी नजर रखें, ताकि कोई ऐसी पोस्ट न करे जिससे शहर की शांति व्यवस्था भंग हो। उन्होंने शहर के लोगों से भी अपील की है कि शांति व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस और प्रशासन का सहयोग करें। यदि कहीं कोई खुराफात करता है तो पुलिस को सूचना दें। बैठक में शहर के सभी थानों के चौकी प्रभारी मौजूद रहे।

### जमानत प्रार्थना पत्रों की सुनवाई के बारे में किया जागरूक



**बरेली, अमृत विचार :** पुलिस लाइन स्थित रविंद्रालय में एसपी क्राइम मुकेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कार्यशाला में उच्च न्यायालय में जमानत प्रार्थना पत्रों की सुनवाई के समय भेजी जाने वाली रिपोर्ट के 19 बिंदुओं के बारे में जागरूक किया गया। एसपी क्राइम ने बताया कि कार्यशाला में जनपद के प्रत्येक थाने से तीन-तीन दरोगा और कोर्ट पैरोकार शामिल हुए।

### महिलाओं को जैविक और प्राकृतिक खेती के बताए गुर



**बरेली, अमृत विचार :** कृषि विभाग की ओर से आईवीआरआई स्थित कृषि विज्ञान केंद्र में मंगलवार को महिला किसान दिवस और महिला समूह का क्षमता विकास एवं दक्षता विकास प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इसमें महिलाओं को जैविक खेती, अन्न उत्पादन एवं उपभोग, मत्स्य और प्राकृतिक खेती के बारे में विस्तार से बताया गया। उप कृषि निदेशक अभिनंदन सिंह ने विभाग की योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने किसानों से कहा कि वह पराली को खेतों में न जलाएं। रोमा देवी ने बताया कि ड्रोन की ट्रेनिंग ली जा चुकी है और सफलता पूर्वक ड्रोन का संचालन किया जा रहा है। इस दौरान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में महिला किसान उषा पटेल और रेनु सागर विजय घोषित हुईं।

## फीस जमा न होने पर दो बहनों को परीक्षा में बैठने से रोका

संवाददाता,आंवला

- अभिभावक ने विद्यालय पर लगाया आरोप, एसडीएम से शिकायत

**अमृत विचार :** एक अभिभावक ने विद्यालय स्टाफ पर फीस जमा न होने पर उनकी दो बेटियों को अर्द्धवार्षिक परीक्षा में न बैठने देने का आरोप लगाया है। उन्होंने इसकी शिकायत एसडीएम से की है।

मोहल्ला बाग बक्शी निवासी पीयूष कुमार ने बताया कि उसकी दो बेटियां हैं। दोनों कस्बे के एक विद्यालय में कक्षा एक और तीन में पढ़ती हैं। बताया कि इस समय उनकी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं चल रही है। इस कारण वह दोनों बेटियों की फीस जमा नहीं कर पाए। उनका आरोप है कि फीस जमा न होने पर विद्यालय स्टॉफ ने बेटियों को अर्द्ध वार्षिक परीक्षा में नहीं बैठने दिया। उन्होंने एसडीएम से बेटियों को परीक्षा में शामिल कराने की मांग की है।

> दोनों बेटियों का उनके स्कूल में एडमिशन ही नहीं है। बेटियों के पिता अगले वर्ष एडमिशन कराने की बात कह रहे हैं। उनके ऊपर लगाए जा रहे आरोप निराधार हैं।
> **दयाशंकर शर्मा**, प्रधानाचार्य, सरस्वती शिशु मंदिर आंवला

> विद्यालय प्रधानाचार्य को प्रकरण का निराकरण कराने के निर्देश दिए हैं। –**एन राम** एसडीएम आंवला

# महिलाओं ने घेरा तो कंबाइन छोड़कर भागे

- युवती को भगा ले जाने के आरोपी के रिश्तेदार फसल काटने पहुंचे थे
- दोनों पक्षों में मारपीट, तीन लोग घायल, पुलिस से भी भिड़ गईं महिलाएं

**फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार :** युवती को भगाकर ले जाने के आरोपी के रिश्तेदार धान की फसल काटने के लिए कंबाइन लेकर खेत पर पहुंचे तो महिलाओं ने विरोध किया। हंगामा होने पर लोग कंबाइन छोड़कर भाग गए।

गांव रफियाबाद निवासी शहनवाज गांव के दूसरे समुदाय की युवती को लेकर भाग गया था। बाद में युवती को बरामद कर लिया गया था। इससे दूसरे समुदाय में आक्रोश बना हुआ है। मंगलवार को शहनवाज के रिश्तेदार रफियाबाद निवासी सलीम खां पुलिस के साथ कंबाइन लेकर खेत पर धान की फसल काटने पहुंचे। इसकी जानकारी दूसरे पक्ष हो गई। कुछ ही देर में खेत पर दर्जनों महिलाएं पहुंच गईं। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच मारपीट हुई। इसमें तीन लोग चोटिल हो गए। इस दौरान महिलाओं ने फसल काटने का विरोध किया। हंगामा बढ़ने पर सलीम खां और उनके रिश्तेदार कंबाइन छोड़कर भाग गए। महिला पुलिसकर्मी ने वीडियोग्राफी की तो महिलाएं उग्र हो गईं। थाने से फोर्स पहुंचा तो मामला शांत हुआ।



फिलहाल, तनाव के मद्देनजर गांव में फोर्स तैनात कर दी गई है। कंबाइन खेत में ही खड़ी है।

थाना प्रभारी राजेश बाबू मिश्रा ने बताया कि रफियाबाद में लोग अपनी धान की फसल कंबाइन से कटवाने गए थे। वहां महिलाओं ने मारपीट की, जिसमें तीन लोग घायल हो गए। घायलों का मेडिकल कराया जा रहा है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

### पत्नी से विवाद के बाद युवक ने दी जान

**भदपुरा, अमृत विचार :** एक गांव में पत्नी से विवाद के बाद युवक ने पेड़ से लटककर जान दे दी। एक दिन पहले पत्नी ने पति पर दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाकर थाने में तहरीर दी थी। गांव नारायणपुर निवासी सूरजपाल की शादी छह साल पहले बबली देवी से हुई थी। बताते हैं कि पति पत्नी के बीच आए दिन विवाद होता था। पत्नी ने एक दिन पहले पति पर दहेज में बाइक और 50 हजार रुपये को लेकर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया था। कहा था कि पति का युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा है। मंगलवार सुबह सूरज का फोन पर पत्नी से विवाद हुआ था। इसके बाद वह घर निकल गया। गांव के पास एक पेड़ से सूरज का शव ग्रामीणों ने लटका देखा। सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे और पुलिस भी आ गई। पिता पप्पू लाल का आरोप है कि रविवार को सूरज के साथ ससुर, सास और साले ने मारपीट की थी। बेटे की पत्नी दोनों बच्चों को साथ मायके चली गई थी। उसके बाद पत्नी ने सूरज के खिलाफ तहरीर दी थी। इसी से आहत होकर बेटे ने यह कदम उठाया है। उन्होंने मामले में तहरीर दी है। सूरज के दो बच्चे हैं। वह चाऊमीन का ठेला लगाता था।

### बदायूं-दातागंज हाईवे बदहाल

**फतेहगंज पूर्वी, अमृत विचार :** बदायूं-दातागंज स्टेट हाईवे बदहाल है। इसकी वजह से आवाजाही में लोगों परेशानी हो रही है। गड्ढों के चलते आए दिन हादसे हो रहे हैं। इसके बाद भी मार्ग को ठीक नहीं कराया जा रहा है। दरअसल, कुछ समय पहले इलाके में बाढ़ आई थी। इससे मानपुर त्रिलोक के पास पुलिया टूट गई थी। उस समय मरम्मत के नाम पर खानापूरी कर दी गई थी। पुलिया को पूरी से ठीक नहीं किया गया था। इस वजह से वहां से आने जाने में हादसे का डर बना हुआ है। मार्ग भी कई जगह से उखड़ चुका है। इससे चालकों को आने जाने में असुविधा हो रही है।

## पंचायत सहायक और रोजगार सेवकों पर कार्रवाई के लिए लिखा पत्र

**बरेली, अमृत विचार :** एग्री स्टैक योजना में काम में लापरवाही और अनुशासनहीनता पर तहसीलदार मीरगंज ने पंचायत सहायक और चार रोजगार सेवकों पर कार्रवाई के लिए मीरगंज और फतेहगंज पश्चिमी के खंड विकास अधिकारी को पत्र लिखा है।

पत्र के मुताबिक एग्री स्टैक के कार्य की रोजाना उच्च स्तर से समीक्षा की जा रही है लेकिन इस काम में सर्वेयर के रूप में नियुक्त किए गए ब्लॉक फतेहगंज पश्चिमी के खरगपुर क्षेत्र में तैनात रोजगार सेवक रवि कुमार और शाही में तैनात पंचायत सहायक नरेंद्र पाल, सिरसा जागीर के रोजगार सेवक रमेश चंद्र, पिपरिया के रोजगार सेवक महेशपाल, भोलापुर शंखापुर के रोजगार सेवक कृष्णपाल काम में कोई रुचि नहीं ले रहे हैं। बार-बार कहने के बाद भी कार्य नहीं कर रहे हैं। इसके अलावा अनुशासनहीनता भी कर रहे हैं, जिससे योजना की प्रगति में दिक्कत आ रही है। ऐसे में पांचों लोगों पर नियमानुसार कार्रवाई कर रिपोर्ट भेजें।

## वृद्धावस्था पेंशन : ब्लॉक स्तरों पर बुजुर्गों की सुनी जाएंगी समस्याएं

अमृत विचार इंपैक्ट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- प्रभारी एडीओ समाज कल्याण को समस्या के समाधान के लिए लिखा पत्र



बरसों से रुकी पड़ी है पेंशन, दौड़ रहे हैं बुजुर्ग

**अमृत विचार :** वृद्धापेंशन के लिए बुजुर्गों को लंबी दूरी तय कर जिला समाज कल्याण विभाग के दफ्तर के चक्कर नहीं काटने होंगे। बुजुर्गों की समस्या का समाधान ब्लॉक स्तर पर ही किया जाएगा। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने प्रभारी एडीओ समाज कल्याण को इसकी जिम्मेदारी सौंपी है।

जिला समाज कल्याण विभाग में पेंशन संबंधी समस्या कम होने का नाम नहीं ले रही है। किसी बुजुर्ग की पेंशन दो तो किसी की एक साल से रुकी है। कई बुजुर्ग ऐसे भी हैं, जिनकी प्रक्रिया भी पूरी है मगर इसके बाद भी शासन स्तर से पेंशन रुक जाती है। कई बुजुर्ग तो 40-50 किलोमीटर दूर समाज कल्याण विभाग के दफ्तर में आते हैं लेकिन उनकी समस्या का समाधान नहीं हो पाता है। अमृत विचार ने बुजुर्गों की पेंशन संबंधी समस्या को प्रमुखता से प्रकाशित किया, जिसे जिला समाज कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखर ने गंभीरता से लिया है। उन्होंने प्रभारी एडीओ समाज कल्याण को आदेश दिया कि ब्लॉक स्तर पर बुजुर्गों की पेंशन संबंधी समस्या को सुना जाए। रजिस्टर बनाकर उसमें समस्या दर्ज की जाए और फिर ऑनलाइन उसका स्टेटस जांचें। इसके बाद जो दिक्कतें हों उन्हें मुख्यालय बताया जाए, ताकि समस्या का समाधान हो सके।

## सार-संक्षेप

### नेहरू प्रतिमा स्थापित नहीं होने पर धरना देंगे कांग्रेस नेता

**बरेली, अमृत विचार :** जिला कांग्रेस कार्यालय पर मंगलवार को बैठक में कांग्रेस जिलाध्यक्ष मिर्जा अशफाक सकलैनी ने चौकी चौराहा पर लगी पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू की हटाई गई प्रतिमा फिर से स्थापित न करने पर रोष जताया। उन्होंने कहा कि 14 नवंबर को नेहरू के जन्मदिन से पहले प्रतिमा स्थापित न होने पर गांधी प्रतिमा के सामने वह, प्रदेश प्रवक्ता केबी त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष दिनेश दद्दा अनिश्चितकालीन आमरण अनशन पर बैठेंगे। बुधवार को कांग्रेस का एक प्रतिनिधिमंडल जिलाधिकारी को मांगपत्र भी देगा।

### चौकी चौराहे पर नेहरू की प्रतिमा लगाने की गुहार



**बरेली, अमृत विचार :** महानगर सोशल आउटरीच कांग्रेस ने कमिश्नर से चौकी चौराहा पर 14 नवंबर से पहले पं. जवाहरलाल नेहरू की प्रतिमा लगाने की गुहार लगाई है। महानगर अध्यक्ष रमेश चंद्र श्रीवास्तव के नेतृत्व में मंगलवार को कमिश्नर को संबोधित ज्ञापन अपर आयुक्त प्रशासन को सौंपा। चौकी चौराहे का सौंदर्यीकरण कराने के लिए कुछ महीने पहले जवाहर लाल नेहरू की प्रतिमा हटा दी गई थी लेकिन सौंदर्यीकरण कार्य पूरा होने के बाद भी प्रतिमा पुन: स्थापित नहीं की गयी है। महानगर सोशल आउटरीच कांग्रेस के पदाधिकारियों ने कहा कि प्रतिमा लगने पर ही कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ता 14 नवंबर को प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनकी जयंती मना सकेंगे। ज्ञापन देने वालों में रविंद्र सहारा एडवोकेट, अतीक अहमद अब्बासी, रामदेव पांडे, कासिम कश्मीरी, राजेंद्र सागर, प्रवक्ता, हेमेंद्र शर्मा एडवोकेट, मनोज शर्मा, संजय सक्सेना एडवोकेट, ताराचंद चौधरी, रामपाल चौधरी, अशोक सागर, साकिब अहमद एडवोकेट, तारिक शहजाद, अनुपम गुप्ता, प्रणब मिश्रा एडवोकेट, सोनू गंगवार एडवोकेट, चंद्रकेश सिंह, अशोक सागर मौजूद रहे।

### वरिष्ठ नागरिकों ने बच्चों को खिलौने और किताबें बांटीं



**बरेली, अमृत विचार :** वरिष्ठ नागरिक सेवा समिति की ओर से मंगलवार को मानसिक बाधित बच्चों के स्कूल पूजा सेवा संस्थान में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें समिति की ओर से 32 बच्चों को खिलौने, कॉपी, ड्राइंग और किताबें वितरित की। बच्चों ने सरस्वती वंदना, सामूहिक नृत्य और गायन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर समिति के सुशीला धस्माना, अनिल अग्रवाल, डॉ. आरसी पांडेय, मुकेश सक्सेना, सर्वेश अग्रवाल ने बच्चों के लिए कविताएं प्रस्तुत कीं। इस दौरान समिति के अध्यक्ष केके माहेश्वरी, महामंत्री एसके कपूर, प्रधानाचार्य राखी सागर, सीमा, विश्वजीत कैला, बिपिन मेहरा, सुनील अग्रवाल, राम बाबू अग्रवाल, दिनेश अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

### विद्युत पेंशनर्स ने दिवाली से पहले मांगा भुगतान



**बरेली, अमृत विचार :** विद्युत पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन ने मंगलवार को सर्किट हाउस के पास स्थित विद्युत निरीक्षण भवन में बैठक में दिवाली से पहले पेंशन के भुगतान की मांग की। बैठक में पेंशनर्स की समस्याओं पर भी चर्चा की गई। महासचिव ओमदेव बरतरिया ने बताया कि अक्टूबर महीने की पेंशन का भुगतान दिवाली से पहले कर दिया जाए। इसके अलावा एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर अनुरोध किया है कि 10-11 साल में पेंशन राशिकरण कटौती को रोकने संबंधी उच्च न्यायालय के निर्णय को ध्यान में रखते हुए एक सामान्य शासनादेश जारी किया जाए। जिससे सेवानिवृत कर्मचारियों को न्यायालय के चक्कर नहीं लगाना पड़े। इस मौके पर एमएस आदिल, एसपी सिंह, मोहम्मद मियां, पीके मिश्रा, अनिल सक्सेना, एस आर सिंह, एमएच मालिक, केके महेशवरी, राधेश्याम मौजूद रहे।

# भुगतान करा दो वर्ना आपके दफ्तर में भ्रष्टाचार का ढिंढोरा पीटते रहेंगे

## ठेकेदारों ने लोनिवि के मुख्य अभियंता कार्यालय पर दिया धरना

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- मुख्य अभियंता ने ठेकेदारों को बात करने के लिए अपने कक्ष में बुलाया
- भुगतान समेत सभी मांगें मानने के आश्वासन पर धरना हुआ समाप्त

**अमृत विचार:** निर्माण कार्यों के पूरा होने के बाद भी भुगतान की फाइलें मनमर्जी से रोकने, जमानत राशि जमा होने के बावजूद भुगतान में देरी करने समेत 10 सूत्री मांगों को लेकर ठेकेदारों ने मंगलवार को मोर्चा खोल दिया। मंडलीय कॉन्ट्रेक्टर्स एसोसिएशन के बैनर तले ठेकेदारों ने लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता अजय कुमार के कार्यालय परिसर में टेंट लगाकर धरना प्रदर्शन किया। प्रदर्शन से अफसरों में खलबली मच गई। पुलिस भी मौके पर पहुंची और दोपहर बाद मुख्य अभियंता ने ठेकेदारों से वार्ता कर सभी मांगे मानने का आश्वासन देकर धरना समाप्त कराया।

एसोसिएशन के अध्यक्ष शिव कुमार अग्रवाल के नेतृत्व में मंगलवार सुबह करीब 11 बजे संदीप गुप्ता, अब्दूल कय्यूम अंसारी, सतीश सिंह, नरेंद्र सिंह, सर्वेश कुमार, अवधेश सिंह, पासीराम समेत करीब 40 ठेकेदार मुख्य अभियंता अजय कुमार के कार्यालय परिसर में टेंट लगाकर धरने पर बैठ गए। इस दौरान ठेकेदारों ने नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। दोपहर करीब 1 बजे मुख्य अभियंता ने एसोसिएशन के पदाधिकारियों को वार्ता के लिए अपने कक्ष में बुलाया। अध्यक्ष शिव कुमार अग्रवाल ने मुख्य अभियंता को 10 सूत्री मांग पत्र सौंपकर बताया कि स्वीकृत एस्टीमेट की मात्रा निविदा की बीओक्यू में नहीं रखी जा रहीं, विभागीय दरों में स्टोन क्रशर, आईएसटीपी, ओएसटीपी और टोल की बढ़ी दरें शामिल नहीं की गयीं हैं। भवन रखरखाव के कार्यों का प्रभार मात्र एक या दो अपर अभियंता को ही दिया जाता है। जिसकी वजह से प्रभारी अवर अभियंता की ओर से कार्य करने में मनमानी की जाती है। तीन साल से डिपॉजिट पार्ट द्वितीय, एवं पार्ट वी में ठेकेदारों का रोका गया पैसा बार-बार अनुरोध के नहीं देने समेत अन्य मांगों को मुख्य अभियंता के समक्ष रखा।



मुख्य अभियंता लोनिवि कार्यालय के परिसर में धरना प्रदर्शन करते ठेकेदार।

### कर्मचारी पर गलत ठेकेदारी का पंजीकरण कराने का आरोप

मांगपत्र में बताया गया कि प्रांतीय खंड बरेली में कंप्यूटर ऑपरेटर पद पर कार्यरत एक कर्मचारी ने अपनी माता के नाम से मेसर्स आशीर्वाद इंटरप्राइजेज नाम से ठेकेदारी का पंजीकरण करा लिया है जो कि नियम विरुद्ध है। आरोप लगाया कि अपने पद का गलत प्रयोग करते हुए अवर अभियंता और सहायक अभियंता के संरक्षण में फर्जी सप्लाई आर्डर एवं अनुबंध में अतिरिक्त मद के माध्यम से भुगतान किया जा रहा है। इस मामले में कर्मचारी को हटाने या फिर ठेकेदारी पंजीकरण निरस्त करने की मांग की गयी।

## डॉक्टर भेजे मगर टेली मेडिसिन कक्ष का पता नहीं

- जिला महिला अस्पताल में कक्ष नहीं होने से डॉक्टर परेशान

**बरेली, अमृत विचार:** मरीजों को घर बैठे परामर्श देने के लिए ई-संजीवनी योजना के तहत टेली मेडिसिन सेवा शुरू की गई लेकिन जिला महिला अस्पताल से टेली मेडिसिन कक्ष नहीं बनाया गया। दो डॉक्टरों ने सोमवार को अस्पताल में कार्यभार भी ग्रहण कर लिया लेकिन कक्ष नहीं होने से उन्हें बैठने में परेशानी हो रही है।

ई-संजीवनी के तहत सामान्य बीमार मरीज को अस्पताल तक जाने की जरूरत नहीं है। जिले के सब सेंटर से घर बैठकर मरीज चिकित्सक से परामर्श ले सकते हैं। मरीज को स्मार्टफोन या कंप्यूटर से ई-संजीवनी ओपीडी डॉट इन वेबसाइट पर जाकर पंजीयन करना होगा। इसके बाद उसके मोबाइल पर ओटीपी आएगा। इसके बाद अपनी जानकारी देनी होगी और उन्हें टोकन नंबर जारी होगा। इसके बाद लॉगिन करना होगा और कॉल संबंधित विशेषज्ञ के पास आएगी वह मरीज को परामर्श देंगे। जिला महिला अस्पताल के सीएमएस डा. त्रिभुवन प्रसाद ने बताया कि एमसीएच विंग के द्वितीय तल पर टेली मेडिसिन कक्ष स्थापित कराया जाएगा। यहां उपकरण भी भिजवा दिए गए हैं और जल्द ही मरीजों के लिए सेवा आरंभ करा दी जाएगी।

## हर दिन 10 और महीने में दो सौ आधार कार्ड बनाएं



विकास भवन सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक करते जिलाधिकारी।

**बरेली, अमृत विचार :** जिला स्तरीय आधार अनुश्रवण समिति की बैठक में जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने बाल विकास कार्यालय के तहत संचालित केंद्रों पर आधार कार्ड बनाने की खराब प्रगति पर नाराजगी जताते हुए सुधार करने के निर्देश दिए। विकास भवन में बैठक में जिलाधिकारी ने बच्चों के आधार कार्ड बनाए जाने में आ रही समस्याओं की समीक्षा की। बीएसएनएल के अधिकारियों को निर्देश दिए कि आधार केंद्रों का पूरा पता, संचालक, इंचार्ज का नाम, मोबाइल नंबर की सूची बनाकर जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी को उपलब्ध कराएं।

उन्होंने कहा कि ऑपरेटरों को यह भी बताया जाए कि वे रोजाना कम से कम 10 और महीने में 200 आधार कार्ड बनाएं। समीक्षा में पाया कि इंडियन बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा की आधार कार्ड बनाने की प्रगति धीमी चल रही है। इसके लिए लीड बैंक मैनेजर को निर्देश दिए कि एक सप्ताह में प्रगति लाएं। जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार से कहा कि सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को बताया जाए कि 5 वर्ष तक के बच्चों का शत प्रतिशत आधार कार्ड बनवाना जरूरी है। बैठक में सीडीओ जग प्रवेश, एडीएम प्रशासन दिनेश आदि मौजूद रहे।

### अधूरे कार्यों को पूरा दिखाकर भुगतान लेने वाले ठेकेदारों पर करें कार्रवाई

विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने मंगलवार को जल जीवन मिशन और अमृत योजना की प्रगति की समीक्षा बैठक की। उन्होंने अधिशासी अभियंता जल निगम को निर्देश दिए कि जिन ठेकेदारों के कार्य पूरे दिखाकर उन्हें भुगतान किया गया है, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि सीडीओ की अध्यक्षता में सभी ठेकेदारों के साथ अधिशासी अभियंता जल निगम बैठक करें, जिसमें उन्हें बताया जाए कि काम कैसे करना है और जो भी ठेकेदार बैठक से गैरहाजिर रहते हैं उनकी अगले दिन बैठक की जाए। बैठक में अधिशासी अभियंता जल निगम कुमकुम गंगवार मौजूद रहीं।

## सरसों, मसूर और चने का बीज पहुंचा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- कृषि विभाग को मिली बीज किट, पहले आओ पहले पाओ योजना के तहत होगा वितरण

**अमृत विचार:** किसानों को उन्नत किस्म के बीज उपलब्ध कराने के लिए शासन ने जिले में सरसों, मसूर और चने का बीज भेज दिया है। कृषि विभाग ने जिले के सभी ब्लॉक में बीज किट भेज दी हैं। किसानों को पहले आओ, पहले पाओ योजना के तहत बीज वितरित किया जाएगा।

पिछले दिनों रबी सीजन में तोरिया (लाही) का करीब 21 क्विंटल बीज कृषि विभाग को दिया गया था। कृषि विभाग के उप निदेशक अभिनंदन सिंह ने बताया कि सरसों की 9800 मिनी किट, मसूर की एक हजार और चने की 50 किट उपलब्ध कराई गईं हैं। वर्ष 2023-2024 में कृषि विभाग की ओर से किए गए सर्वे के अनुसार जिले में 25 हजार हेक्टेयर में सरसों, 5720 हेक्टेयर में मसूर की खेती हो रही है लेकिन हर वर्ष इन दोनों खेती का क्षेत्रफल लगातार बढ़ रहा है।

इस वर्ष प्रयास है कि इसका क्षेत्रफल और बढ़े। कृषि अधिकारी के अनुसार आगामी सप्ताह तक गेंहू के बीज भी आने की संभावना है। गेंहू के बीज के लिए किसानों को 50 फीसदी का अनुदान भी दिया जाएगा।

# सैलानी में शान से निकला जुलूस-ए-गौसिया

कार्यालय संवाददाता, बरेली



सैलानी के रजा चौक से बिना डीजे के जुलूस-ए-गौसिया निकलीं अंजुमनें। ● अमृत विचार

- अंजुमन ताजुश्शरिया और अंजुमन गौस ओ रजा ने की अगुवाई, रास्ते में कई जगह फूलों से स्वागत

**अमृत विचार :** गौस पाक की याद में हर साल निकलने वाला जुलूस-ए-गौसिया मंगलवार दोपहर सैलानी के रजा चौक से शान से निकला। तमाम रास्तों पर गुजरते हुए रजा चौक पर वापस लौटने तक जुलूस का जगह-जगह फूल बरसाकर स्वागत किया गया।

जुलूस की शुरुआत दरगाह आला हजरत प्रमुख मौलाना सुब्हान रजा खान सुब्हानी मियां की सरपरस्ती और सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन रजा कादरी अहसन मियां की कयादत में हुई। मुफ्ती अहसन मियां ने अंजुमन गौस-ओ-रजा परचम कमेटी के सय्यद बिलाल अली को गौसिया परचम सौंपकर जुलूस रवाना किया। जुलूस की अगुवाई अंजुमन ताजुश्शरिया और अंजुमन गौस ओ रजा ने की। जुलूस सैलानी रजा चौक, मुन्ना खान का नीम, साजन पैलेस, जगतपुर के रास्ते वापिस कांकरटोला से होता हुआ दरगाह शाहदाना वली हाजिरी देते हुए सैलानी रजा चौक पर खत्म हुआ।

जुलूस का रास्ते में जगह-जगह फूलों से जुलूस का स्वागत किया गया। जुलूस में बच्चे और बड़े रंग बिरंगी पोशाक में शामिल हुए। जुलूस की व्यवस्था अंजुमन के सचिव अजमल नूरी, औरंगजेब नूरी, वसीम तहसीनी, तनवीर तहसीनी, शाहिद नूरी, नासिर क़ुरैशी, परवेज नूरी, अफजाल उद्दीन, जमाल खान, औरंगजेब नूरी, ताहिर अल्वी, मंजूर खान, मुजाहिद रजा, नफीस खान, शोएब रज़ा, शान रज़ा, हाजी जावेद खान, आरिफ रजा, इशरत नूरी, आलेनबी, शाहीन रजा, अराफात कुरैशी आदि ने संभाली।

### मुश्किल समय में भी सच और सब्र का दामन नहीं छोड़ें

मीडिया प्रभारी नासिर कुरैशी ने बताया कि मंगलवार को महफिल का आगाज मुफ्ती अजहर रजा ने तिलावत-ए-कुरान से किया। मुफ्ती बशीर उल कादरी और मौलाना जाहिद रजा ने गौस-ए-पाक की करामात बयान करते हुए कहा कि गौस पाक ने हमें बताया कि कितनी ही बड़ी मुश्किल आ जाए लेकिन कभी सच और सब्र का दामन न छोड़ें। अपने मजहब पर सख्ती से कायम रहते हुए अल्लाह और उसके रसूल के बताए रास्ते पर चलें। जुल्म इस्लाम का हिस्सा नहीं न किसी पर जुल्म करें और न जुल्म सहें। जुलूस रवाना होने से पहले दुआ मुफ्ती अहसन मियां ने की। जुलूस का संचालन मुस्तफा नूरी ने किया।

# नशामुक्ति के लिए सभी एक दीया जरूर जलाएं

कार्यालय संवाददाता, बरेली



एक युद्ध नशे के विरुद्ध जागरूकता रैली में राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष डॉ. देवेंद्र शर्मा। ● अमृत विचार

- डॉ. देवेंद्र शर्मा ने गांधी उद्यान से एक युद्ध नशे के विरुद्ध जागरूकता रैली को दिखाई हरी झंडी
- रैली में आठ हजार छात्र-छात्राओं के साथ एनसीसी कैडेट्स और आंगनवाड़ी वर्कर हुईं शामिल

**अमृत विचार :** राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष डॉ. देवेन्द्र शर्मा ने मंगलवार सुबह गांधी उद्यान से एक युद्ध नशे के विरुद्ध अभियान के तहत जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाई।

रैली में करीब आठ हजार छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। इसमें 10वीं व 12वीं के छात्र, एनसीसी कैडेट, एनएसएस स्वयंसेवक, आंगनबाड़ी और आशा कार्यकर्ता भी शामिल हुईं।

रैली गांधी उद्यान से सर्किट हाउस तक गई। इस दौरान डॉ. देवेंद्र शर्मा ने एक युद्ध नशे के कहा कि दिवाली पर एक दिया समाज को नशे से मुक्त करने के लिए अवश्य जलायें।

इसके बाद छात्र-छात्राओं को नशे के विरुद्ध रहने की शपथ दिलाई गयी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन दिनेश, पुलिस अधीक्षक अपराध मुकेश प्रताप सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक देवकी सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी मोनिका राणा, बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष दिनेश चंद्रा आदि अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### ... पर हवा में दावे करने से कैसे हो पाएगी नशामुक्ति

**बरेली, अमृत विचार :** बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष डा. देवेंद्र शर्मा ने सर्किट हाउस में प्रेसवार्ता की। उन्होंने बताया कि तीन साल से हर शहर में जाकर एक युद्ध नशे के विरुद्ध जंग छेड़ी हुई है। जिसका लक्ष्य हर बच्चे को नशे से दूर रखना है। पिछले वर्ष भी एक युद्ध नशे के विरुद्ध कार्यक्रम डॉ. देवेंद्र शर्मा की ही अध्यक्षता में किया गया था। उसका क्या असर हुआ, इस सवाल को वह टाल गए। शहर में जीआईसी, खलील हायर सेकंड्री स्कूल, इस्लामिया समेत कई सरकारी और निजी विद्यालयों के बाहर गुटखा-तंबाकू, सिगरेट की दुकानों के चलने के सवाल पर अध्यक्ष ने कहा कि सिर्फ रैली करने आए थे। उन्होंने कहा कि बालविवाह की पूरे प्रदेश में मुश्किल से 17-18 शिकायतें आईं। इस पर उन्हें बताया गया कि अकेले बरेली में अधिकारियों ने सितंबर 2023 से जुलाई 2024 तक 15 बालविवाह की शिकायतों पर कार्रवाई का दावा किया है तो बोले, अब 16 वर्ष की आयु से कम में विवाह न के बराबर हो रहे हैं। भिक्षावृत्ति और बाल मजदूरी के मामले में अधिकारियों को निर्देश देने की बात कही। यह सवाल भी टाल दिया कि पिछले निर्देशों के क्या नतीजे रहे।

## गौस पाक के झंडे पर अदा की कुल शरीफ की रस्म

**बरेली, अमृत विचार:** किला के फूटा दरवाजा स्थित गौस पाक के झंडे पर गौस पाक के कुल शरीफ की रस्म अदा की गई। जिसमें देश में अमन चैन और भाईचारे की दुआ मांगी गई। झंडे पर दिनभर अकीदतमंद चादरपोशी के लिए पहुंचते रहे।

गौस पाक के झंडे पर मौलाना तौकीर रजा खां की सदारत में सोमवार की रात उलमा की तकरीर की महफिल सजी। शहर जामा मस्जिद के इमाम मुफ्ती खुर्शीद आलम ने गौस पाक की जिंदगी पर रोशनी डालते हुए कहा कि गौस-ए-आजम ने हमेशा सच बोला और सच्चाई और अच्छाई की सीख दी है। जनसेवा टीम के अध्यक्ष पम्मी खान वारसी ने बताया कि सोमवार देर रात 2:38 बजे गौस पाक के कुल शरीफ की रस्म अदा की गई। उर्स कमेटी के मोहम्मद फराज मियां कादरी ने बताया कि 16 अक्टूबर को सुबह 10 बजे महफिल-ए-समां होगी। उसके बाद दोपहर 2:38 पर सय्यद मीर वतन के कुल शरीफ की रस्म अदा की जाएगी। इस मौके पर हाजी शावेज हाशमी, मोहम्मद फराज मियां कादरी, सुहैल हाशमी, हाजी साकिब रजा खां, अहमद खान टीटू, नावेद हाशमी, यावर अली खां बिट्टू, तहसीन बेग, मुजम्मिल खान, शहंशाह मियां, इकरार हुसैन नियाजी, सूफी बब्बू मियां, ताहिर खान, मुन्ना अंसारी, मुजाहिद इस्लाम, अशरफ शम्सी, पप्पू, जमील, इस्तेखार शम्सी, जावेद, आसिफ शम्सी मौजूद रहे।

# कोलकाता कांड के विरोध में आईएमए मनाएगा काला दिवस



कोलकाता कांड के विरोध की जानकारी देते डॉक्टर। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- आईएमए अध्यक्ष बोले जरूरत पड़ी तो पश्चिम बंगाल भी जाएंगे डॉक्टर

**अमृत विचार:** कोलकाता में जूनियर महिला डॉक्टर की दुष्कर्म के बाद हत्या के मामले में कठोर कार्रवाई न होने से एक बार फिर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने रोष जताया है।

आईएमए अध्यक्ष डॉ. आरके सिंह ने मंगलवार को प्रेसवार्ता कर कहा कि डॉक्टर की हत्या के मामले में पश्चिम बंगाल सरकार गंभीर नहीं है। राष्ट्रीय स्तर पर मुद्दा उठाने के बाद भी अब तक ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। जेडीएस और एमएसएन संस्था से जुड़े मेडिकल छात्र कठोर कार्रवाई को लेकर मुखर आंदोलन के साथ ही भूख हड़ताल पर हैं। अब आईएमए भी छात्रों के साथ है और पूर्ण रूप से समर्थन में है। अगर जरूरत पड़ी तो यहां से डॉक्टर कोलकाता जाकर भूख हड़ताल में भी शामिल होंगे। बुधवार को काला दिवस मनाने के साथ जिलाधिकारी को मांग पत्र सौंपा जाएगा। आंदोलन में सरकारी और निजी सभी डॉक्टर साथ हैं। इस मौके पर आइएमए के सचिव डॉ. रतन पाल सिंह, पूर्व अध्यक्ष डॉ. राजीव कुमार गोयल, पीआरओ डॉ. शालिनी माहेश्वरी, डॉ. विनोद पागरानी समेत अन्य डॉक्टर मौजूद रहे।

### एनेस्थीसिया दिवस पर आज आयोजित होगा प्रशिक्षण शिविर

आईएमए अध्यक्ष डॉ. आरके सिंह ने बताया कि बुधवार को विश्व एनेस्थीसिया दिवस के मौके पर प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा। इसमें विशेषज्ञ पैरामेडिकल और अन्य स्टाफ को बेसिक लाइफ सपोर्ट का प्रशिक्षण देंगे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
☎ 0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

### एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती मनाई

**बरेली, अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी कार्यालय पर पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती मनाई गई। जिलाध्यक्ष शिव चरन कश्यप ने कहा वह राष्ट्रपति ही नहीं बल्कि सच्चे राष्ट्र नायक भी थे जिन्होंने भारत की तरक्की में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उन्होंने रक्षा अनुसंधान, विकास संगठन और भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) में चार दशकों तक ईमानदारी व देश भावना से काम किया। महानगर अध्यक्ष शमीम खां सुल्तानी ने कहा एपीजे अब्दुल कलाम को बैलेस्टिक मिसाइल और प्रक्षेपण यान प्रौद्योगिकी के विकास के कार्यों के लिए मिसाइल मैन के रूप में जाना जाता है। संचालन जिला कोषाध्यक्ष अशोक यादव ने किया। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष मनोहर पटेल, जिला कोषाध्यक्ष अशोक यादव, महानगर महासचिव दीपक शर्मा, सुरेंद्र सोनकर, ब्रजेश श्रीवास्तव, सविता, शेर सिंह गंगवार, गोविंद सैनी, राजेश, सरताज, राजेश्वरी यादव, प्रमोद, संजीव कश्यप, श्यामवीर यादव मौजूद रहे।

### दस्तक अभियान में अब मधुमेह और हाइपरटेंशन की भी स्क्रीनिंग

**बरेली, अमृत विचार :** दस्तक अभियान के दौरान अब हर घर पहुंचकर आशा कार्यकर्ता विभिन्न रोगों के साथ ही ब्लड प्रेशर, हाइपरटेंशन और मधुमेह के मरीजों की भी स्क्रीनिंग करेंगी। शासन के आदेश पर सीएमओ ने सभी सीएचसी-पीएचसी प्रभारियों को निर्देश दिए हैं। अभियान के दौरान जो भी मरीज सामने आएंगे इनका रिकॉर्ड तैयार कर शासन को भेजा जाएगा।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना
मैं अपनी चल व अचल सम्पत्ति से अपने बेटे (मृतक) सत्यप्रकाश की पत्नी रीना देवी उर्फ गीता देवी व उनके बच्चों तथा अपने बेटे कृष्ण प्रताप सिंह की सातों बेटियों क्रमश: रूबी, रूसी, रूप रानी, पदमा, सरिता दीपमाला व लक्ष्मी को सदैव के लिए बेदखली करती हूं। मेरी मृत्यु उपरान्त भी इनका कोई हिस्सा सम्पत्ति अचल व चल में नहीं होगा। **श्रीमती सुन्दरी पत्नी श्री स्व. रेवाराम आर्य नि. ग्राम कुन्डरा ढाका दातागंज, बदायूं (उ.प्र.)**

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल मुख्य परीक्षा वर्ष 2014 अनुक्रमांक 1004090 का प्रमाण पत्र वास्तव में कहीं खो गया है जो काफी तलाश करने के बाद भी नहीं मिला है। **फहीम खान पुत्र रहीस खान निवासी ग्राम सैदपुर चुन्नीलाल थाना भोजीपुरा तहसील व जिला बरेली।**

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र राकेश बाबू तथा उसकी पत्नी पिंकी देवी को उनके गलत चाल-चलन एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **ओम प्रकाश पुत्र नत्थू लाल निवासी मुड़िया जगरूप थाना भुता जिला बरेली।**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

